संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 13 मई 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 130 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



पीएम मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कार्यक्रम के आयोजनकर्ता।

## कर्नाटक में हंग असेंबली पर जेडीएस के दो नेता भिड़े




**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** विधानसभा की 224 सीटों पर 10 मई को वोटिंग हुई। देर शाम 10 एग्जिट पोल्स आए। 4 ने कांग्रेस को बहुमत दिया। एक ने भाजपा को। 6 सर्वे हंग असेंबली का दावा कर रहे। 11 मई को कर्नाटक जेडीएस के एक नेता तनवीर अहमद का बयान आया। उन्होंने कहा कि हंग एसेंबली की स्थिति में जेडीएस किसे समर्थन देगी, यह तय हो चुका है। भाजपा-कांग्रेस दोनों ने संपर्क किया है। तनवीर के बयान के 24 घंटे बाद कर्नाटक जेडीएस चीफ सीएम इब्राहिम सामने आए। उन्होंने कहा- तनवीर अहमद तो पार्टी में ही नहीं हैं। गठबंधन पर उनके कुछ भी बोलने का कोई मतलब नहीं है। इब्राहिम ने तनवीर पर तंज कसते हुए कहा- बीवी है तो तलाक दे सकते हैं, रास्ते पर जाने वाली औरत को क्या तलाक देंगे।

## 'केवल हिंदू ही बनेंगे पीएम, सीएम और डीएम'



**टीम एक्शन इंडिया/इटारसी/नर्मदापुरम**
**अंतरराष्ट्रीय** हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा, 'हम भारत में मुसलमानों की संख्या बढ़ने नहीं देंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि 2 से ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले मुसलमानों को सरकारी नौकरी, सरकारी अन्न, सरकारी स्कूल, हॉस्पिटल में मुफ्त सेवा, बैंक से लोन जैसी सुविधाएं नहीं मिलेंगी। यदि फिर भी वह बच्चा पैदा करेगा, तो उसे 10 साल के लिए जेल में डाल देंगे।' इसके साथ ही तोगड़िया ने कहा, 'हम सरकार पर हिंदुओं का कंट्रोल करवाएंगे। संविधान संशोधन करवाएंगे कि देश में प्राइम मिनिस्टर, चीफ मिनिस्टर, मिनिस्टर, डीएम, एसपी, जज देश में हिंदू के अलावा किसी को बनने ही नहीं देंगे। ये सब संभव है।' तोगड़िया ने यह बयान गुरुवार देर रात को नर्मदापुरम में दिया। वे यहां हिंदू साथी सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

## गुजरात में जजों के प्रमोशन पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने गुजरात की निचली अदालतों के 68 जजों के प्रमोशन पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि फिलहाल जिन जजों को प्रमोट किया गया है, उन्हें उनके मूल पद (पुराने पद) पर वापस भेजा जाए। बता दें, इन जजों में मानहानि केस में राहुल गांधी को दोषी ठहराने और सजा सुनाने वाले जज हरीश वर्मा भी शामिल हैं। जस्टिस एमआर शाह ने कहा कि भर्ती नियमों के अनुसार प्रमोशन की क्राइटेरिया मेरिट-सीनियरिटी और सूटेबिलिटी टेस्ट है। ऐसे में साफ है कि राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करता है। जस्टिस शाह ने आगे कहा- हालांकि हम इस याचिका की सुनवाई पूरी करना चाहते थे।

## सिद्धू सिक्योरिटीः पंजाब सरकार ने नहीं की रिपोर्ट पेश



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू की सुरक्षा कम किए जाने के मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। पंजाब सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं की। उन्होंने इसके पीछे का कारण केंद्रीय एजेंसियों से जवाब न आना बताया। जिसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 18 मई तक रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए। बीती सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने सिद्धू की सुरक्षा रिव्यू करने की बात कही थी। नवजोत सिद्धू हाल ही में रोडरेज केस में पटियाला जेल में 1 साल कैद काटकर लौटे हैं। उसके बाद ही आप सरकार ने उनकी सिक्योरिटी को` प्लस से घटाकर  प्लस कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। पिछले महीने 28 अप्रैल को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

# गुजरात को 4400 करोड़ रुपए की सौगात

### पीएम आवास योजना से बीजेपी ने देश भर में करोड़ों बहनों को लखपति दीदी बनायाः पीएम

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
एक दिन की यात्रा पर गुजरात की राजधानी गांधीनगर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के गांधीनगर में 4400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना गरीबों के साथ महिला सशक्तिकरण को भी बहुत बड़ी ताकत दे रही है। पीएम आवास योजना से बीजेपी ने देश भर में करोड़ों दीदीयों को लखपति दीदी बना दिया है।

**बीजेपी ने पुरुषों के मालिक होने का रिवाज बदल दियाः** पीएम मोदी ने कहा कि पहले घर, दुकान, गाड़ी, खेत सभी पुरुषों के नाम पर हुआ करते थे। हमने यह रिवाज ही बदल दिया। भाजपा की सरकार ने महिलाओं को घर की मालकिन बनाया। आज के टाइम पीएम आवास का हर घर लाखों रुपयों का होता है। इस तरह बीजेपी ने करोड़ों दीदीयों को लखपति बना दिया है। हमारी कई योजनाएं गांव में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ही हैं।

**हमारी सरकार न जाति देखती है न धर्मः** पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारी सरकार हर गरीब तक खुद पहुंचने का काम कर रही है। विकास कार्यों और लाभार्थियों की सहायता करते समय हमारी सरकार न जाति देखती है और न ही धर्म। यही सच्चा सेक्युलरिज्म है। पुरानी और फेल हो चुकी नीतियों पर चलते हुए न देश का भाग्य नहीं बदल सकता।

**गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर मिलेः** पीएम ने कहा- आज पीएम आवास योजना गरीबों के साथ महिला सशक्तिकरण को भी बहुत बड़ी ताकत दे रही है। पिछले 9 वर्षों में 4 करोड़ से ज्यादा पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं। इनमें करीब 70% घर महिलाओं के नाम पर हैं। भाजपा सरकार देश में बढ़ते शहरीकरण के कारण भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमने आधुनिक तकनीक का उपयोग करके राजकोट में 1,000 से अधिक घर बनाए हैं और बनाए जा रहे हैं।

**रेरा कानून बनाकर मनमानी को रोकाः** पीएम मोदी ने कहा कि पहले रियल एस्टेट सेक्टर में मनमानी चलती थी, धोखेबाजी होती थी। क्योंकि, मध्यम परिवारों को सुरक्षा देने के लिए कोई कानून ही नहीं था।

हमने एक रेरा कानून बनाया, जिससे मध्यम वर्ग के परिवारों को सुरक्षा मिली है। हमने देश के 6 शहरों में फैले लाइट हाउस प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में आधुनिक घरों की स्थापना की है।



#### छात्र शिक्षकों को चुनौती दे रहे हैंः पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने कहा कि आज** प्राथमिक शिक्षकों के इस कार्यक्रम में मैं आपसे खुले मन से बात करना चाहता हूं। 21वीं सदी में भारत की शिक्षा व्यवस्था बदल रही है, शिक्षक बदल रहे हैं, छात्र बदल रहे हैं। पहले संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं थीं। आज सुविधाओं की कमी धीरे-धीरे दूर हो रही है। विद्यार्थी आज आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। 8-9 वर्ष के छात्र शिक्षकों को चुनौती दे रहे हैं। यहां बैठे शिक्षकों ने अनुभव किया होगा कि छात्र आपके पास कठिन प्रश्न लेकर आते हैं।

शिक्षक भी इन चुनौतियों का समाधान बखूबी करते हैं। यह चुनौती हमें बहुत कुछ सीखने का मौका देती है। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को मार्गदर्शक और अभिनेता भी बनाया जाता है। डेटा गूगल से प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन निर्णय स्वयं लेना होता है।

**उद्घाटन**

● हमने आधुनिक तकनीक का उपयोग करके राजकोट में 1,000 से अधिक घर बनाए हैं और बनाए जा रहे हैं



पेपरलीक और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की जनसंघर्ष पद यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को अपार जनसमूह और बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों के बीच यात्रा अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल महीने में 13 फीसदी बढ़ीः सियाम

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 13 फीसदी बढ़ गई है। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 3,31,278 इकाई रही है, जबकि अप्रैल, 2022 में यह 2,93,303 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 13 फीसदी बढ़ी है। उद्योग संगठन ने कहा कि इस दौरान सभी खंडों में मांग मजबूत रही। आंकड़ों के मुताबिक यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 3,31,278 इकाई रही है, जबकि अप्रैल, 2022 में यह 2,93,303 इकाई थी।

## सीबीएसई 12वीं का रिजल्टः 87.33% स्टूडेंट पास



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं का रिजल्ट जारी किया। इस साल कुल 87.33% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इनमें से 90.68% लड़कियां और 84.67% लड़के हैं। लड़कियां, लड़कों के मुकाबले 6.01% आगे रहीं। 12वीं में 44 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने 95% और करीब 1.12 लाख स्टूडेंट्स ने 90% मार्क्स हासिल किए हैं। त्रिवेंद्रम रीजन 99.91 पास परसेंटेज के साथ टॉप पर है। 98.64% के साथ बेंगलुरु दूसरी, 97.40% के साथ चेन्नई तीसरी, 93.24% के साथ दिल्ली वेस्ट चौथी और 91.84% के साथ पांचवी पोजिशन पर है। मेरिट लिस्ट भी जारी नहीं की जाएगी। सब्जेक्ट वाइज सबसे ज्यादा नंबर हासिल करने वाले 0.1% स्टूडेंट्स को मेरिट सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

**नंबर बढ़वाने पास स्टूडेंट भी दे सकेंगे कम्पार्टमेंट एग्जामः** सीबीएसई के एग्जाम कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बताया कि जो बच्चे पास हो चुके हैं, लेकिन किसी एक सब्जेक्ट में इंप्रूव करना चाहते हैं, उन्हें मौका दिया जाएगा कि वे पूरक परीक्षा में बैठकर अपने नंबर इंप्रूव कर सकते हैं। इसी तरह यदि किसी स्टूडेंट को 5 में से एक सब्जेक्ट में 33% से कम मार्क्स मिले हैं, तो उसे कंपार्टमेंट एग्जाम पास करना होगा, जो जुलाई में होगा। 1 लाख 25 हजार 705 स्टूडेंट्स पूरक (कम्पार्टमेंट) परीक्षा देंगे। स्टूडेंट्स अपने रिजल्ट की फोटोकॉपी और रीवैल्युएशन 16 मई से करवा सकेंगे। बोर्ड ने 2024 की परीक्षाओं की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। ये परीक्षा 15 फरवरी 2024 से शुरू होंगी। देश में सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित की गई थी। 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 5 मार्च तक चली थीं।

**लड़कियों ने मारी बाजी**

● इस साल कुल 87.33% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इनमें से 90.68% लड़कियां और 84.67% लड़के हैं

## एसआईटी के समक्ष पेश हुए बृजभूषण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महिला** पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए। इस मामले की जांच के लिए छह पुलिस अधिकारियों का विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई गई है। इनमें चार महिला पुलिस अधिकारी शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) स्तर के अधिकारियों की देखरेख में यह जांच की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृजभूषण शरण सिंह ने एसआईटी के समक्ष बयान देते हुए कहा है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

## सीबीएसई 10वीं रिजल्टः 93.12% स्टूडेंट्स पास

### लड़कों के मुकाबले 1.98% ज्यादा सफल रहीं लड़कियां

**पास का रिकॉर्ड**

● 94.25% लड़कियां, तो 92.72% लड़के सफल हुए। यानी लड़कों के मुकाबले लड़कियां 1.98% ज्यादा पास हुईं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीबीएसई** बोर्ड ने शुक्रवार को 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। 93.12% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। 94.25% लड़कियां, तो 92.72% लड़के सफल हुए। यानी लड़कों के मुकाबले लड़कियां 1.98% ज्यादा पास हुईं। 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से 21 मार्च के बीच हुई थी। 21 लाख 86 हजार 940 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। परीक्षा में 21 लाख छात्र शामिल हुए थे। त्रिवेंद्रम रीजन ने 99.91% पास परसेंटेज के साथ टॉप किया है। 99.18% के साथ बेंगलुरु दूसरी, 99.14% के साथ चेन्नई तीसरी, 97.27% के साथ अजमेर चौथी और पुणे 96.92% के साथ पांचवी पोजिशन पर है।



## श्रीनगर में होगा जी-20 शिखर सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**श्रीनगर में 22** से 24 मई तक होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सुरक्षा चाक-चौबंद की जा रही है। सम्मेलन का आयोजन डल झील के किनारे बने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में किया जाएगा। इस दौरान झेलम नदी और डल झील में मरीन कमांडो (मार्कोस) की तैनाती की जाएगी। संभावित आत्मघाती हमलों को रोकने के लिए एनएसजी की टीमें कार्यक्रम स्थलों पर तैनात होंगी। इनके साथ एनएसजी भी होगी। उधर, बैठक से पहले घाटी से कश्मीरी पंडितों और अन्य गैर मुसलमानों का पलायन शुरू हो गया है। वे अस्थाई रूप से रहने के लिए जम्मू चले गए हैं।

**बैठक खत्म होने के बाद वापस आ जाएंगे कश्मीरी पंडितः** सुरक्षा अधिकारियों ने कश्मीरी पंडित और अन्य गैर-मुस्लिम कर्मचारियों को कार्यालयों और आवासों तक ही सीमित रहने और अनावश्यक रूप से बाहर नहीं जाने के लिए कहा है। उन्हें अतिरिक्त सतर्क रहने को कहा गया है। एक पंडित कर्मचारी ने कहा- किसी ने हमें जाने के लिए नहीं कहा, लेकिन हमें सतर्क रहने की सलाह दी गई है। हमारे पास पहले के उदाहरण हैं जहां किसी बड़े कार्यक्रम से पहले अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया।



## छत्तीसगढ़ शराब घोटालाः सीएम का मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शराब घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस्तीफा मांगा है। शुक्रवार को भाजपा नेता केके शर्मा ने भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्याय हैं। दो हजार करोड़ रुपये का शराब घोटाला हुआ है, जिसके लिए भूपेश बघेल को इस्तीफा दे देना चाहिए। केके शर्मा ने कहा कि मार्च, 2023 में ईडी ने 35 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया था और इसमें जो तथ्य सामने आये, उनसे छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले का पर्दाफाश हुआ।

## योगी कैबिनेट से 27 प्रस्ताव पास

### 5 संस्थानों को मिलेगी यूनिवर्सिटी की मान्यता, बुनकरों को बिजली बकाया में मिली छूट

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**सीएम** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक भवन में कैबिनेट की बैठक हुई। नगर निकाय चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद यह पहली कैबिनेट बैठक थी। इसमें 27 प्रस्ताव पास हुए। 5 निजी संस्थानों को विश्वविद्यालयों की मान्यता मिलेगी। एमएसएमई विभाग के जरिए बुनकरों को बिजली बिल में छूट दी गई है। एक अगस्त 2020 से 31 मार्च 2023 के बीच के बिल में छूट दी जाएगी। कैबिनेट में 'द केरल स्टोरी' मूवी को ट्रैक्स फ्री करने का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया है। श्रृंगवेरपुर धाम के विकास, निवेशकों को नीतियों के तहत दिए जाने वाले लाभ की मंजूरी भी हो गई है। किसानों में दलहन और तिलहन की मिनी किट बांटने जैसे प्रस्ताव पर भी सहमति बनी है।

**5 संस्थानों को मिलेगी यूनिवर्सिटी की मान्यताः** महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय, अयोध्या, महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय बिल्हौर, कानपुर नगर, शारदा विश्वविद्यालय, आगरा, जीएस विश्वविद्यालय, हापुड़, फ्यूचर विश्वविद्यालय, बरेली सुप्रीम कोर्ट में पीएआईएल फाइल की गई थी जिसके तहत प्रदेश में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।



## अग्निवीरों के लिए रेलवे का तोहफा

### लेवल-1 और 2 में नॉन गजेटेड पोस्ट पर मिलेगा रिजर्वेशन, फिजिकल टेस्ट और उम्र में भी छूट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश के** सबसे अधिक नौकरियां देने वाले इंडियन रेलवे ने गुरुवार को सीधी भर्ती में अग्निवीरों को रिजर्वेशन देने की घोषणा की है। लेवल-1 में 10% और लेवल-2 और उससे ऊपर की नॉन गजेटेड पोस्ट में 5% कोटा देने का फैसला किया गया है। अग्निवीरों को फिजिकल टेस्ट और आयु सीमा में भी छूट मिलेगी। पहले बैच के अग्निवीरों के लिए 5 साल और बाद के बैचों के लिए 3 साल का ऐज रिलेक्सेशन दिया जाएगा। भर्ती में कोटा और एज रिलेक्सेशन उन्हीं अग्निवीरों को मिलेगा जो चार साल की सेवा पूरी कर लेंगे। रेलवे बोर्ड ने सभी महाप्रबंधकों को लेटर जारी किया है कि रेलवे की भर्ती एजेंसियां उन अग्निवीरों की भर्ती में ये छूट और सुविधाएं प्रदान करें, जो सेनाओं में सफलतापूर्वक चार साल पूरे कर लेंगे। 2022 में सेनाओं में भर्ती के लिए शुरू हुई केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के तहत 25% युवाओं को ही सेना में शामिल किया जाएगा। बाकी 75% को एग्जिट पैकेज के साथ हटा दिया जाएगा।



**विपक्ष की खिचड़ी?** मुख्यमंत्री से करीबी दिखाने वाले नवीन पटनायक मोदी से मिले, कहा-तीसरे मोर्चे की संभावना ही नहीं

## मिशन 2024ः 6 राज्य घूमें, सिर्फ 3 को साध पाए नीतीश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**मुख्यमंत्री नीतीश** कुमार अब तक विपक्षी एकता की मुहिम को लेकर 6 राज्यों में घूम चुके हैं। वहां के क्षेत्रीय दलों के नेताओं से मिले भी, लेकिन 3 राज्यों को छोड़ दें तो बाकी के तीन राज्यों से उन्हें पूरी सहमति नहीं मिली है। 9 मई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मिलने पहुंचे थे। मुलाकात के दौरान पटनायक नीतीश से करीबी दिखा रहे थे, लेकिन ठीक 2 दिन बाद यानी 11 मई को पटनायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंच गए। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता, फिलहाल तीसरे मोर्चे की कोई संभावना है। बता दें 2019 के आम चुनाव में एनडीए को 352 सीटें मिली थी। इनमें से अकेले बीजेपी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की। हालांकि, 2022 में जदयू एक बार फिर जदयू से अलग हो गई। जदयू को पिछले चुनाव में 16 लोकसभा सीट जीत मिली थी। वहीं, पूरा विपक्ष महज 92 सीटों पर सिमट गया, जिसमें कांग्रेस पूरे देश में सिर्फ 52 सीट ही जीत पाई।

**दिल्ली में लोकसभा की सातों सीट बीजेपी के पासः** दिल्ली में कुल 7 लोकसभा सीट है। यहां आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं है। राजधानी की सभी सीटों पर भाजपा का वर्चस्व है। सातों सीट भाजपा की झोली में है। नीतीश कुमार का मानना है कि विपक्ष देश में भाजपा का मुकाबला तभी कर सकती है जब कांग्रेस उनके साथ रहे। यही वजह है कि उन्होंने विपक्षी एकता की मुहिम की शुरूआत दिल्ली में कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर की। बिहार के मुख्यमंत्री ने दिल्ली में कांग्रेस प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिले और विपक्षी एकता बनाने पर सहमति ली। इस मुलाकात के बाद सीएम नीतीश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी मिले।



ACTION INDIA
एक्शन इंडिया के 30 साल पूरे होने के अवसर पर बाहरी दिल्ली के नरेला में आयोजित
स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह पर आधारित विशेष परिशिष्ट
रविवार, 14 मई 2023



# 900 गांवों में ई- डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कार्य शुरू: डिप्टी सीएम

### उचाना हल्के में पिछले एक वर्ष में एक सौ ई- डिजिटल लाइब्रेरियां स्थापित की गई हैं।, उचाना के बस अड्डा के नवीनीकरण पर खर्च होंगे 70 लाख रुपए



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश के 900 गांवों में ई- डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है, जिसमें से उचाना हल्के में पिछले एक वर्ष में एक सौ ई- डिजिटल लाइब्रेरियां स्थापित की गई हैं। वे जींद जिला के गांव अलिपुरा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उचाना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में निरन्तर चहुमुखी विकास करवाया जा रहा है। निकट भविष्य में उचाना प्रदेश के विकसित क्षेत्रों में शुमार होगा। उन्होंने बताया कि काफी समय से उठाई जा रही उचाना शहरवासियों की सर्विस लेन की मांग भी पूरी हो जाएगी। इसके साथ ही उचाना बस अड्डा के नवीनीकरण के लिए भी 70 लाख रुपए परिवहन विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को दे दिए गए है, इस पर अगले महीने में टेंडरिंग प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा निखारने के अवसर प्रदान करने हेतु एक बड़ा इंडोर खेल स्टेडियम का निर्माण भी करवाया जाएगा, इसके लिए क्षेत्र में तीन प्वाईंट चयनित किए गए है जहां भी सभी प्रकार के मापदण्ड व औपचारिकताएं पुरी होगीं, वहीं एक जगह इस स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र में रग्बी व कबड्डी के खिलाड़ियों को भी उचित खेल सुविधा प्रदान करने के लिए उचाना में खेल नर्सरी बनवाने पर विचार किया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि उचाना हलका के वासियों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए हाईवे से विपरीत दिशा में लगते 17 गांवों के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 50 करोड़ रुपए की लागत से पाइप लाइन बिछाकर भाखड़ा का स्वच्छ पानी दिया जाएगा। इसके अलावा हलका के गांव गुरुकुल खेड़ा के प्रत्येक घर में सीएसआर के सहयोग से सोलर पैनल लगवाने का कार्य शुरू हो चुका है जो अगले करीब तीन-

**▸▸ उचाना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में निरन्तर चहुमुखी विकास करवाया जा रहा है: दुष्यंत चौटाला**

चार महीने में पूरा हो जाएगा, इस कार्य के पूरा होने से सोलर पैनल ऊर्जा आपूर्ति के तौर पर गुरुकुल खेड़ा प्रदेश का मॉडल गांव साबित होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बीपीएल राशन कार्ड धारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा अब बिजली बिल की सीमा 9 हजार रुपए से बढ़ाकर 12 हजार रुपए सालाना की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा गठबंधन राज्य सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि हैं। अपनी फसल बेचने के लिए पहले की तरह मंडियों में कई- कई रात नहीं बितानी पड़ती बल्कि मेरी फसल- मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्टर्ड किसान की फसल की खरीदारी मंडी में आते ही हो जाती है ,साथ फसल बिक्री के 72 घंटे के अन्दर रकम अदायगी सीधा किसान के खाते में की गई है।

# 'दिल्ली से गुरूग्राम लिंक के लिए नई सम्पर्क सड़क परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार कर'

**▸▸ दिल्ली और हरियाणा के बीच सड़क संपर्क के मुद्दो पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे**



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सीधा लिंक करने के लिए नई सम्पर्क सड़क परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार कर उन्हें क्रियान्वित करें ताकि दिल्ली व गुरूग्राम के बीच यातायात को और अधिक सुगम बनाया जा सके। मुख्य सचिव आज यहां गुरूग्राम मैट्रोपोलियन विकास अथोरटी की दिल्ली और हरियाणा के बीच सड़क संपर्क के मुद्दो पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य सचिव ने हरियाणा के अधिकांश नागरिकों का दिल्ली में बहुतायात आवागमन बढ़ रहा है। एनएच के अलावा गुरूग्राम से अन्य सम्पर्क मार्गो का होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए कई सम्पर्क मार्गो को लेकर अधिकारी विशेष योजनाएं तैयार करें। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली के इन्द्रलोक मेट्रो स्टेशन से नरेला के बीच यमुना कैनाल लिंक रोड़ हरियाणा बॉर्डर तक बनाने के लिए दिल्ली सरकार को सौंप दिया जाए। इसके अलावा महरोली से गुरुग्राम रोड़ को एनएच 236 के साथ जोड़ने के लिए दिल्ली रिज के माध्यम से नेल्सन मंडेला टी-प्वाइंट वसंत कुंज फ्लाईओवर के पास के साथ लिंक सड़क की भी डीपीआर प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसके अलावा गुरुग्राम के सैक्टर 114-115 आदि से रोड़ 75 मीटर चौड़ा लिंक रोड़ गुरूग्राम व नजफगढ के साथ दिल्ली के लिए लिंक रोड़ पर प्रस्ताव तैयार किए जाएं ताकि इन सड़क परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जीएमडीए के सीईओ एनएचएआई के अधिकारियों साथ एक बैठक बुलाएंगे। पर्यटन विभाग और लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़कें इनका विकास परियोजनाओं का ब्योरा तैयार करेंगे। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए वित्तीय विकल्पों पर कार्य करेंगे ताकि एनएचएआई के साथ इसे सरकार के अनुमोदन से उठाया जा सके। एक बार आवश्यक ठोस प्रस्तावों के साथ कार्य करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक भी की जा सकती है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव शहरी स्थानीय निकाय अरुण गुप्ता, प्रधान सचिव पर्यटन एम डी सिन्हा, ईआईसी लोक निर्माण विभाग राजीव यादव, गुरुग्राम मेट्रोपोलियन विकास अथोरटी, एमडी, एचएसआरडीसी अनिल दहिया, ईआईसी, एचओडी (विशेष), बीरेंद्र सिंह सिंचाई विभाग, सीसीपी (एनसीआर) हरियाणा देवेंद्र एन. निंबोकर, लोक निर्माण एवं पर्यटन विभाग के कई अधिकारियों ने भाग लिया।

# दिल्ली इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में कॉरपोरेट इनोवेशन सेंटर का किया उद्घाटन

### डीआईटीएमएस में शिक्षक सम्मान समारोह 14 मई रविवार को : जैन

**▸▸ संस्थान में 14 मई रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**जी टी रोड** गन्नौर स्थित दिल्ली इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के डायरेक्टर राजेश गर्ग ने बताया कि संस्थान में 14 मई रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के लगभग 50 स्कूलों के 150 शिक्षक सम्मानित होंगे। सम्मान समारोह के मुख्यातिथि डॉ राधेश्याम शर्मा एक्स वाइस चांसलर सीडीएलयू सिरसा एवं जीजेयू हिसार होंगे कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मठ एवं लग्गनशील शिक्षकों को सम्मानित करना है। संस्थान के चेयरमैन एस के जैन ने बताया कि नए स्तर से डीआईटीएम को एमडीयू रोहतक से मान्यता प्राप्त हो गई है तथा नए कोर्स जैसे डी फार्मा बीसीए बीबीए इत्यादि को शुरू किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ चंद्रशेखर ,केतकी ,दीपक ,प्रदीप ,अंजू ,अलका ,जितेंद्र ,पवन रुद्राक्ष आदि ने मौजूद थे।

**कॉरपोरेट इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन किया**

संस्थान के चेयरमैन एस के जैन ने बताया कि आने वाले समय में विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने के लिए तथा पढ़ते हुए ही कमाई का मौका प्रदान करने के लिए एक कॉरपोरेट इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया है। जिसमें वर्ल्ड क्लास ट्रेनर संजय बंसल, इंडस्ट्री के ट्रेनर के साथ बच्चों को दक्षता प्रदान करेंगे।

## विधायक निर्मल चौधरी ने दो सरकारी स्कूलों में लगवाई नैपकिन इंसीनरेटर मशीन

**गन्नौर।** विधायक निर्मल चौधरी अंतर्राष्टीय नर्स दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गन्नौर के मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंची। स्कूल पहुंचने पर स्कूल स्टाफ ने बुका देकर विधायक निर्मल चौधरी का स्वागत किया। विधायक ने अपने निजी कोष से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नैपकिन इंसीनेटर मशीन लगवाई। विधायक ने कहा कि स्कूल में इस मशीन के लगने से यहा शिक्षा ग्रहण करने वाली बेटियों शारीरिक स्वच्छता के साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। विधायक चौधरी ने कहा कि राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में सरकार की सुपर 100 योजना के तहत नीट, जेई तथा एनडीए की तैयारी मुफ्त में करवाई जाएगी।

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
प्रयास इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर का बाहरवीं व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम आने पर छात्रों ने खुशी मनाई। प्रधानाचार्य कृष्ण मलिक ने बताया कि 12वीं कक्षा में कनिष्क जैन ने 95. 2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया,कुमारी नीतिका दूसरे स्थान पर व कुमारी दिव्या तीसरे स्थान पर रही। साइंस संकाय में कनिष्क, वाणिज्य संकाय में इशिता त्यागी व कला संकाय में निधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रयास स्कूल निदेशक अमित बत्रा ने बताया कि कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा । वहीं कक्षा दसवीं में कुमारी साक्षी ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, हर्षल व हनी ने 93 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में दूसरा व अंशिका सारिका ने 92 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं का भी परीक्षा परिणाम 10 प्रतिशत रहा। अच्छा परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल था। अच्छे अंक लाने पर स्कूल प्रबंधन ने पुष्पकुंज देखकर व मिठाई खिलाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। स्कूल निदेशक डा.संजय जैन ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रधानाचार्य कृष्ण मलिक ने इस सफलता का श्रेय बच्चों व अध्यापकों की कड़ी मेहनत को दिया। स्कूल रजिस्ट्रार डा. मनोज ने बच्चों को भविष्य में भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की वरिष्ठ समन्वयक डा. अभिलाषा व अध्यापकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## सिरसा में बच्चों से भरी स्कूल वैन पलटी

**टीम एक्शन इंडिया/डबवाली**
**हरियाणा** के सिरसा में शुक्रवार सुबह डबवाली के गांव लोहगढ़ से पंजाब क्षेत्र के बडिंग खेड़ा जा रही ईस्टवुड स्कूल डूमवाली (बठिंडा) की स्कूल की मिनी बस (वैन) बेकाबू होकर पलट गई। इसमें कई बच्चे घायल हो गए। स्कूल वैन के पलटने की सूचना पाकर बच्चों के अभिभावक और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे और उसके शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाल कर अस्पतालों में भर्ती करवाया। इसका ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

**स्कूल के जाते समय हादसा:**
बताया गया है कि ईस्टवुड स्कूल डूमवाली (बठिंडा) की स्कूल वैन प्रतिदिन डबवाली क्षेत्र के गांव से बच्चों को स्कूल तक ले जाने के लिए लगाई गई है। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार सुबह भी स्कूल वैन में कई गांव के बच्चों को बैठाकर लोहगढ़ से बडिंग खेड़ा (पंजाब) की ओर रवाना हुई।

## लिटल एंजल्स स्कूल ने 12वीं-10वीं का शानदार रहा रिजल्ट

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**लिटल** एंजल्स स्कूल की दिशा दहिया ने आर्ट्स संकाय में 98.4 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा बारहवीं की सी.बी.एस.ई. परीक्षा में विद्यालय में टॉप किया। कॉमर्स संकाय में अंजली गुप्ता ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेडिकल संकाय में युगल ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नॉन मेडिकल संकाय में हर्ष कपूर व सौम्या ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में 25 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 71 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 193 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कैमिस्ट्री विषय में मुस्कान सिंह ने 100 अंक, एकाउंटस में अंजली ने 100 अंक, बिजनेस स्टडीज में अंजली गुप्ता, मोक्ष गौर और देवांशी ने 100 अंक, आईपी में जलज, देवांश छाबड़ा, याशिक खन्ना और कनिका ने 100 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में दिशा दहिया और रिया गर्ग ने 99 अंक, इक्नोमिक्स में कीर्ति ने 99 अंक, इतिहास विषय में दिशा दहिया ने 99 अंक, राजनीतिशास्त्र में यशिका ने 99 अंक, साइक्लोजी में दिशा दहिया और वंशिका भारद्वाज ने 99 अंक प्राप्त किए। गणित में देवांश छाबड़ा, अंजली गुप्ता और संकेत ने 98 अंक और पी.एच.ई. में विवेक ने 98 अंक प्राप्त किए। टाइपोग्राफी में खुशी भाटिया ने 97 अंक प्राप्त किए। फिजिक्स में सौम्या ने 96 अंक और बायोलॉजी में मुस्कान सिंह ने 96 अंक प्राप्त किए। हिन्दी में खुशी ने 86 अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में श्रेया ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनस्वी नागपाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं आरना जैन, रितिका सहरावत व अर्पित गहलवात ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया । 26 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक व 92 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

## बीमारी की दवाई लेने गया व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**गन्नौर।** खुबडू गांव से दवाई लेने गया एक 37 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लापता व्यक्ति के बड़े भाई ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में खुबडू निवासी कुलदीप ने बताया कि उसका बड़ा भाई संदीप सुखदेव ढाबे के पास सिक्योरटी की नौकरी करता है। उसका भाई 8 अप्रैल को अपनी ड्यूटी खत्म कर उसे नमस्ते चौक पर मिला।

# जयंती प्रसाद डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** जयंती प्रसाद डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को मां के त्याग, समर्पण और स्नेह से अवगत कराना है। विद्यालय में माताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ माँ प्रतियोगिता, गायन एवं नृत्य, अभिनय प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल के द्वारा किया गया। विद्यालय की ओर से स्कूल के सभी विद्यार्थियों की माताओं को अपनी छिपी भावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए स्कूल ने खुला मंच प्रदान किया। विद्यार्थियों ने गायन एवं नृत्य कला के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना को प्रदर्शित किया।
शालिनी गायन में , नृत्य में पूजा और सुपरमॉम में कीर्ति प्रथम रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश कंबोज ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के जीवन की आधारशिला मां ही होती है। जीवन जीने का पहला पाठ मां के द्वारा ही सिखाया जाता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु इस सत्र में ए.ई.टी टेस्ट की प्रारंभ करने की घोषणा की। कार्यक्रम की व्यवस्था शिक्षकों ने संभाली।

## बिरला स्कूल के छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**प्रबंधक** कुलदीप दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 मई को सीबीएसई दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें बिरला स्कूल के छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की हैं। 2017 में शुरू हुए बिरला स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लगातार दूसरी बार भी अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें समस्त विद्यार्थियों ने अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया।
उन्होंने बताया कि स्कूल के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की।
उन्होंने ये भी बताया कि विद्यालय में प्रथम स्थान पर छात्र रौनक दहिया रहा जिसने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व अपने माता पिता का नाम रोशन किया।

# गर्लफ्रेंड के हत्यारे को उम्रकैद :साढ़े 3 साल पहले रेवाड़ी में की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
**हरियाणा** के रेवाड़ी में अपनी गर्लफ्रेंड की गोली मारकर हत्या करने वाले दोषी हेमंत लांबा को शुक्रवार को एडिशनल सेशन कोर्ट के न्यायाधीश सरताज बासवाना ने उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर उसे 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 2 दिन पहले ही हेमंत को कोर्ट ने दोषी करार दिया था। हेमंत पर गर्लफ्रेंड के मर्डर के अलगे दिन कैब ड्राइवर की हत्या करने का भी आरोप है। ये मामला राजस्थान कोर्ट में चल रहा है। दरअसल, मूलरूप से राजस्थान के जिला हनुमानगढ़ के कस्बा संगरिया में हाइप्रोफाइल घर की रहने वाली दीप्ति (24) का शव 6 दिसंबर 2019 को रेवाड़ी जिले के औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा में नंदरामपुर बास रोड पर पड़ा मिला था। उसके प्राइवेट पार्ट पर गोली लगी मिली थी। कुछ दिन बाद पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा किया। उसकी हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि दिल्ली के विश्वास नगर निवासी उसके बॉयफ्रेंड हेमंत लांबा ने की थी। दीप्ति परिवार के साथ दिल्ली में ही रहती थी। उसके पिता का संगरिया में बिजनेस था। दीप्ति की पढ़ाई के कारण परिवार भी दिल्ली में सेटल हो गया था।

## न्यूज फ्लैश

### पढ? के साथ खेल और रूचिकर गतिविधियों में बनाएं संतुलन : डॉ. वैशाली शर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्थानीय डॉ.** मंगल सैन ऑडिटोरियम में हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के सौजन्य से मिशन बुनियाद ओरियेंटेशन कार्यशाला आयोजन किया गया। जिलाभर से 275 विद्यार्थियों ने बुनियाद की तृतीय चरण की परीक्षा दी। कार्यशाला में गत सत्र और मौजूदा सत्र के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का मार्गदर्शन किया गया।
अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने की। मिशन बुनियाद के निदेशक प्रदीप सनसनवाल की अगुवाई में बुनियाद टीम ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षा विभाग की तरफ से मिशन बुनियाद टीम जिला संयोजक व जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने किया। मंच संचालन हिन्दी प्राध्यापक अरुण कैहरबा व बुनियाद टीम से कामाक्षी ने किया। कार्यक्रम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर की छात्राओं व मिशन बुनियाद की सांस्कृतिक टीम ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिये समां बांध दिया। जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने दी प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बुनियाद कक्षाओं के लिए चयनित विद्यार्थी अपने जीवन लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ें। वे अपने पढने की योजना बनाएं। लेकिन पढने.के साथ-साथ खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ भी संतुलन बनाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने अपने संबोधन में घोषणा की कि बुनियाद कक्षाओं के लिए अभी तक मॉडल टाउन करनाल और असंध के राजकीय स्कूलों में सेंटर चल रहे थे। अब करनाल जिला के इन्द्री, नीलोखेड़ी व घरौंडा में तीन और सेंटर शुरू कर दिए गए हैं। इन सेंटरों के शुरू हो जाने से विद्यार्थियों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की उन्नति में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए समय देना है। जब भी बुनियाद सेंटर में आपको बुलाया जाए, वे जरूर पहुंचें।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# मेरी लाईफ-मेरा स्वच्छ शहर अभियान चलाएगा नगर निगम

## शहर में विभिन्न स्थानों पर खोले जाएंगे ट्रिपल आर केन्द्र, अभियान के तहत आमजन को किया जाएगा जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आवास एवं** शहरी मामले मंत्रालय भारत सरकार के कार्यक्रम, मेरी लाइफ-मेरा स्वच्छ शहर को नगर निगम आगामी 15 मई से करनाल शहर में शुरू करने जा रहा है। इसके तहत ट्रिपल आर यानि रिड्यूस, रियूस और रीसाईकल को अपनाकर पूरे शहर में अभियान चलाया जाएगा और आमजन को इससे जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के तहत लोगों के पुराने कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, प्लास्टिक की वस्तुओं तथा इलैक्ट्रोनिक सामान जैसी गैर जरूरी इस्तेमाल की चीजों को लिया जाएगा, ताकि उन्हें रीसाईकल कर शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सके। अभियान 5 जून यानि विश्व पर्यावरण दिवस तक सभी वार्डों में चलाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।
मिशन का उद्देश्य- निगमायुक्त ने बताया कि उपयोग किए गए उत्पादों को कम

**▶▶ ट्रिपल आर यानि रिड्यूस, रियूस और रीसाईकल को अपनाकर पूरे शहर में अभियान चलाया जाएगा और आमजन को इससे जोड़ा जाएगा**

करना ही मिशन का उद्देश्य है। इसके लिए शहर की भिन्न-भिन्न लोकेशन पर रिड्यूस, रियूस और रीसाईकल यानि आर.आर.आर. केन्द्र खोले जाएंगे।
उन्होंने बताया कि इसे सफल बनाने के लिए गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह, रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन, स्वच्छ ट्यूलिप इंटर्न तथा नागरिक स्वयं सेवकों का सहयोग लिया जाएगा, ताकि बड़ी संख्या में आमजन को मिशन से जोड़ा जा सके।
चलाई जाएंगी गतिविधियां, स्थापित किए जाएंगे ट्रिपल आर केन्द्र- निगमायुक्त ने बताया कि मेरी लाईफ-मेरा स्वच्छ शहर कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में जागरूकता अभियान जैसी गतिविधियां



चलाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त शहर की विभिन्न जगहों पर ट्रिपल आर केन्द्र खोले जाएंगे, जहां पर आमजन की पहुंच आसानी से हो सके। इनमें शॉपिंग कॉम्पलैक्स, बाजार तथा खुले मैदानों में स्थापित किए जा सकते हैं। अभियान के तहत लोगों से अपील की जाएगी कि वे अपने गैर जरूरी सामान जैसे कि बेकार कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, प्लास्टिक की वस्तुओं तथा इलैक्ट्रोनिक सामान को इन केन्द्रों में दें, ताकि उनका घर और शहर दोनो साफ-सुथरे रहें।
उन्होंने बताया कि कपड़े, जूते व किताबें इत्यादि सामान को जरूरतमंद व्यक्तियों को भी दिया जा सकता है और बेकार सामान को आगे रीसाईकलिंग के लिए भेजा जाएगा, जहां उसे नवीनीकृत कर पुनः उपयोग या संसाधित किया जाएगा। ऐसा करने से ठोस अपशिष्टद्द प्रबंधन संयंत्र पर जाने वाले कूड़े की मात्रा भी कम होगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम एक प्रकार से कचरे की मात्रा को कम करने के लिए मुहिम के रूप में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुहिम के बाद एक मुख्य ट्रिपल आर केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जिसमें एन.जी.ओ., एस.एच.जी. व आर.डब्ल्यू.ए. का सहयोग लिया जाएगा।
उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लाईफस्टाईल फोर एन्वायरमेंट (एलआईएफई) को लेकर पूरे विश्व का आह्वान किया है कि आज हम सभी को एक साथ आकर पर्यावरण के लिए जीवन शैली को एक अभियान के रूप में आगे बढ़ाना चाहिए। यह पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली की दिशा में एक जन आंदोलन बन सकता है।
उन्होंने बताया कि पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से एलआईएफई अभियान शुरू किया गया था, जिसे ओर अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय ने मेरी लाईफ-मेरा स्वच्छ शहर कार्यक्रम शुरू किया है। अभियान को सफल बनाने के लिए निकाय विभागों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं, ताकि अधिक से अधिक संख्या में आमजन को इस अभियान के साथ जोड़ा जा सके।

# दो नशा सप्लायर काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**डिटेक्टिव** स्टाफ की टीम द्वारा गत दिवस दो नशा सप्लायरों सचिन उर्फ छीना पुत्र राजबीर उर्फ राजू व शुभित उर्फ मितु पुत्र वेदपाल वासियान गांव गढ़ी गुजराज जिला करनाल को उनके गांव से गिरफ्तार किया गया।
टीम द्वारा 6 मई को एक आरोपी आलोक कुमार उर्फ आजाद पुत्र राज कुमार वासी गढी गुजरान जिला करनाल को 7.85 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया था। आरोपी आलोक कुमार उर्फ आजाद ने पूछताछ में उपरोक्त दोनों आरोपियों से स्मैक खरीदकर लाने बाबत खुलासा किया था, जिसके बाद दबिस देते हुए टीम द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार किए गए नशा सप्लायरों ने खुलासा किया कि वह पिछले कुछ समय से नशा सप्लाई करने का काम करते हैं और नशा करने के भी आदी हैं। उन्होंने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के एक गांव में से एक व्यक्ति से सस्ते दाम पर स्मैक खरीदकर लाते हैं तथा आगे लोगों को और महंगे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं।
पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले भी स्नैचिंग व चोरी करने के मामले दर्ज हैं।

# योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**प्रसिद्ध** योग गुरु दिनेश गुलाटी ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत का विदेश तक प्रसार करते हुए इंडोनेशिया के बाली के बाद जकार्ता शहर में योग की मचाई धूम। जकार्ता में वहां के मूल नागरिकों और पर्यटकों को योग का महत्व समझाया। अपने मिशन के अनुरूप योग को न केवल भारत तक, अपितु दूसरे देश में पहुंचने में वे लगातार प्रयासरत हैं। वहां के निवासियों ने उत्साहपूर्वक और जोश के साथ दिनेश गुलाटी के साथ योग सत्र का आनंद लिया और विदेशों में भी भारतीय योग को काफी पसंद किया।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग



भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। आज विश्व में भारतीय योग का दबदबा बढ़ रहा है और विदेशी भी योग की तरह तरफ आकर्षित हो रहे हैं। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए योग की जरूरत महसूस की जाने लगी है। आधुनिक जीवन शैली में उपजे तनाव और घातक रोगों ने जीवन को काफी बदल दिया है, इसलिए योग का महत्व वैश्विक स्तर पर काफी हद तक बढ़ चुका है।
उन्होंने प्राणायाम और ध्यान के दौरान बताया कि जीवन में ध्यान का बहुत अधिक महत्व है। तन, मन और आत्मा के बीच में आत्मिक संबंध बनाता है और उससे बल प्रदान करता है। ध्यान से विकारों का शमन होता है और नकारात्मक मनोभाव से मुक्ति मिलती है। हमारे मन में एक साथ कई विचार चलते रहते हैं। मन में दौड़ते विचारों से मस्तिष्क में मानसिक अशांति पैदा होती है। योग अनावश्यक विचारों को मन से निकालकर और सात्विक विचारों से परिपूर्ण करता है। विदेशियों ने एकाग्रता पूर्वक ध्यान की विधि और महत्व को समझा।

# अपनी व दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना जरूरी: शशांक कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पुलिस** अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने लोगों को यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूक करने के लिए जानकारी देते हुए बताया कि सडक पर यात्रा करते समय अगर हमें अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी है और अन्य लोगों को भी सुरक्षित रखना है तो हमें वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना करनी अति आवश्यक है।
यातायात नियमों की पालना करने से सडक दुर्घटना की संभावना भी कम होगी और हम सही-



सलामत भी रहते हैं। हर स्थिति में लोगों को यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा से एक कहावत प्रचलन में है कि दुर्घटना से देर भली, इसलिए अपने वाहन को हमेशा नियंत्रित गति में ही चलाएं। कभी भी नशा करके वाहन ना चलाएं। मुड़ते समय संकेतक लाइट का उपयोग जरूर करें। सडक पर स्टंट या करतब ना दिखाएं। गलत दिशा में वाहन कदापि ना चलाएं। सडक पर अपने बांये तरफ वाहन चलाएं और दूसरी तरफ से आ रहे वाहनों को जाने का रास्ता दें। अपने भारी वाहनों को भी हमेशा सडक की बाई तरफ की लाइनों में ही चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें।

## 2410 रुपए की नकदी सहित सट्टेबाज काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**डिटेक्टिव** स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी अशोक कुमार उर्फ काली पुत्र मदन लाल वासी तरावडी को एफसीआई गोदाम के सामने काली माता मंदिर गेट तरावड़ी से सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पैन, एक सट्टे का पर्चा, एक गत्ते का टुकड़ा व 2410 रुपए की नगदी बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना तरावडी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 'अपडेशन व डाटा एनालॉयसिस के कार्य को जल्द पूरा करें'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने लार्ज स्केल मैपिंग को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे ततीमा अपडेशन के कार्य को एनआईसी में आकर जल्द से जल्द पूरा करवाएं। इस कार्य में लापरवाही न बरतें।
उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में लार्ज स्केल मैपिंग को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा लार्ज स्केल मैपिंग को लेकर प्रदेश के करनाल व सोनीपत जिला को पायलट प्रोजैक्ट के तौर पर चुना गया था। इस परियोजना के तहत गांव में लाल डोरे से बाहर की सारी जमीन का सर्वे किया गया है। सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा ड्रोन मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है और उसके नक्शे तैयार करके प्रशासन के पास भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ततीमा अपडेशन व डाटा एनालॉयसिस कार्य बारे सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा 10 कम्पयूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसलिए सभी पटवारी अपने-अपने क्षेत्र के ततीमा अपडेशन के कार्य को एनआईसी में आकर जल्द से जल्द पूरा करवाएं।
बैठक में डीआरओ श्याम लाल ने बताया कि जिला में 435 रेवेन्यू एस्टेट हैं, जिनमें से 366 का डाटा प्राप्त हुआ तथा 69 के नक्शे अभी प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक ततीमा अपडेशन व डाटा एनालॉयसिस का 64 रेवेन्यू एस्टेट का कार्य पूरा हो चुका है तथा 38 में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि ततीमा अपडेशन व डाटा एनालॉयसिस के कार्य को राजस्व विभाग के पटवारियों द्वारा जल्द से जल्द एनआईसी में आकर अपडेट करवा दिया जाएगा। इस अवसर पर सभी कानूनगो, एसके तथा पटवारी मौजूद रहे।

# टीमों ने अपने-अपने क्षेत्राधिकार में की गई पैदल गश्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस** महानिरीक्षक करनाल रेंज सतेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए जिला पुलिस के तमाम थाने, पुलिस चौकी व विशेष युनिटों की टीमों ने बीती सांय साढ़े पांच बजे से सायं साढ़े सात बजे तक अपने-अपने क्षेत्राधिकार में पैदल गश्त की गई। यह पैदल गश्त थाना क्षेत्रों के भीड़भाड वाले एरिया, बाजारों व गली मोहल्लों आदि में की गई। इसके अलावा पुलिस टीमों द्वारा जिले में महत्वपूर्ण स्थानों पर भी गश्त व चैकिंग की गई।



इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा एरिया में घूमने वाले आवारा किस्म के व्यक्तियों व संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और उन्हें किसी भी प्रकार की वारदात को अंजाम न देने के लिए भी चेताया गया। इस गश्त में जिले के तमाम पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी इंचार्ज व विशेष यूनिटों के इंचार्ज अपनी टीमों के साथ शामिल रहे। जिला करनाल में समय-समय पर करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त की जाती रही है। लोगों की सुरक्षा को और पुख्ता करते हुए जिला पुलिस द्वारा भविष्य में भी इसी तरह की गश्त नियमित अंतराल में जारी रहेगी।
पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि इस पैदल गस्त का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच दूरी कम करना है। असामाजिक, अपराधिक प्रवृत्ति व गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के मन में कानून का डर पैदा करना है। पैदल गश्त के माध्यम से सभी थाना प्रबंधकों, पुलिस चौकी इंचार्जों व विशेष यूनिटों के इंचार्जों ने अपने-अपने क्षेत्राधिकार में लोगों से मुलाकात कर वातार्लाप की और उनकी समस्याएं जानी। लोगों को बताया गया कि पुलिस उनके साथ है।

# मोटरसाइकिल चोरी में नाबालिग काबू चोरी की बाईक बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस** चौकी मॉडल की टीम द्वारा 10 मई को दोपहर के समय मॉडल टाउन से चोरी हुई मोटरसाइकिल के मामले में एक नाबालिग को चुराई गई मोटरसाईकिल सहित बलडी बाईपास करनाल से काबू किया गया। नाबालिग से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसे मोटरसाइकिल चलाने का शौक है। वह अपने पिता को मोटरसाईकिल दिलाने के लिए कई बार कहा था, लेकिन मेहनत मजदूरी का काम करने की वजह से उसका पिता उसे मोटरसाईकिल दिलाने में असमर्थ था। अपने इसी शौक को पूरा करने के लिए उसने मोटरसाईकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।
इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता सागर पुत्र राजिन्द्र वासी ऊंचा समाना जिला करनाल ने पुलिस चौकी मॉडल टाउन में एक शिकायत देते हुए बताया था कि 10 मई को वह अपने एक दोस्त की स्प्लेण्डर मोटरसाईकिल लेकर किसी काम से मॉडल टाउन में आया था। जब वह काम से फारिग होकर जाने लगा तो उसे अपनी मोटरसाईकिल नहीं मिली। इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना सिविल लाइन में चोरी का मामला दर्ज किया गया था।

# परमाणु परीक्षण से भारत आज गौरव की अनुभूति कर रहा: एसके वैद्य

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सैनिक स्कूल** कुंजपुरा के परिसर में 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में परमाणु परीक्षण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एसके वैद्य एवं 7 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नरेश आर्य, एडम ऑफिसर कर्नल हरमन निक्सन ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।
ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एसके वैद्य ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और कहा कि परमाणु परीक्षण से भारत देश आज गौरव की अनुभूति कर रहा है। इस अवसर पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नरेश आर्य ने बताया साल 1998, प्रधानमंत्री अटल बिहारी



वाजपेयी की सरकार ने आज ही के दिन राजस्थान के पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया था। अचानक किए गए इन परमाणु परीक्षणों से अमेरिका, पाकिस्तान समेत कई देश दंग रह गए थे। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की अगुआई में यह मिशन कुछ इस तरह से अंजाम दिया गया कि अमेरिका समेत पूरी दुनिया को इसकी भनक तक नहीं लगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले 1974 में इंदिरा गांधी की सरकार ने पहला परमाणु परीक्षण (पोखरण-1) कर दुनिया को भारत की ताकत का लोहा मनवाया था, इसे ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा नाम दिया गया था, जिसमें दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, मेन ब्रांच, सेक्टर 7, एसबीएस पब्लिक स्कूल, अकादमी असंध, जेपीएस अकादमी असंध, निशान पब्लिक स्कूल, कान्वेंट स्कूल एवं अन्य विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग, भाषण एवम् प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर कैप्टन संदीप देसवाल, लेफ्टिनेंट देवीभूषण शर्मा, मेजर अनीता जून, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ.केवल कृष्ण, हितेश गुप्ता, रविंद्र यादव, सुदेश, कंवल जोत, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में फैला राजनीतिक आतंक

**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी और फिर उनकी रिहाई के बाद हालात बेकाबू हो रहे हैं। इसके बाद भी उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है, क्योंकि पाकिस्तान की सर्वोच्च अदालत ने उनको प्रकरण में बरी नहीं किया है, केवल जिस स्थान से गिरफ्तार किया, वह तरीका गलत बताया है। इस दौरान पाकिस्तान में जो चला या चल रहा है, उसे किसी भी प्रकार से पाकिस्तान के लिए हितकारी नहीं माना जा सकता। तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकताओं ने एक प्रकार से पाकिस्तान को राजनीतिक आतंक की आग में झोंकने का काम किया है। पिछले कई वर्षों से बेहद दयनीय स्थिति का सामना कर रहे पाकिस्तान में इस प्रकार के हालात उत्पन्न करना अपने स्वयं के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही कहा जाएगा। इसी कारण पाकिस्तान की स्थिति दिनों दिन और ज्यादा विकराल होती जा रही है। ऐसी स्थिति में सरकार के विरोध में खतरनाक ढंग से प्रदर्शन करना कहीं न कहीं पाकिस्तान के लिए खतरे की घंटी निरूपित होता जा रहा है। इससे पाकिस्तान की स्थिति और ज्यादा खराब ही होती जाएगी। पाकिस्तान की विसंगति यही है कि वहां आतंकवाद को खुले तौर पर आश्रय दिया जाता है। आतंकी आकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाली सरकार न चाहते हुए भी उनके इशारे पर कार्य करने के लिए विवश रहती है। इतना ही नहीं पाकिस्तान की सेना भी दूसरे देश के लिए आतंकियों जैसा ही व्यवहार करती है। आज पाकिस्तान की स्थिति को देखते हुए यह सहज ही कहा जा सकता है कि आतंक केवल आतंकवादी ही नहीं फैलाते, बल्कि हर स्तर पर आतंक का सहारा लिया जाता है। अभी जिस प्रकार से राजनीतिक प्रदर्शन किया गया, वह प्रदर्शन कम, आतंक फैलाने वाला ज्यादा दिखाई दे रहा है। हालांकि पाकिस्तान के लिए किसी बड़े नेता की गिरफ्तारी कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले चले हैं। जब कोई नई सरकार बनती है कि पूर्ववर्ती सरकार के मुखिया को राजनीतिक विद्वेष का शिकार होना पड़ा है। वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाई नवाज शरीफ भी इसके शिकार हो चुके हैं। स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो यही कहना तर्कसंगत होगा कि पूरा पाकिस्तान राजनीतिक विद्वेष की अवधारणा को लेकर ही राजनीति कर रहा है। जहां तक पाकिस्तान की सेना की बात है तो यह सर्वविदित है कि सेना के संरक्षण में ही पाकिस्तान की सरकार बनती है, जैसे ही सरकार सेना के विरोध में आती है, तब पाकिस्तान की सरकार का या तो तख्तापलट हो जाता है या फिर सेना किसी दूसरे दलों को समर्थन देकर नई सरकार बनवा देती है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में जब इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सत्ता में आई थी, तब इमरान खान की पार्टी को कुछ दलों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला था, इस समय सेना का पूरा समर्थन इमरान को प्राप्त था। आज से एक साल पूर्व पाकिस्तान की इमरान खान सरकार को सत्ता से बेदखल कर शहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। इमरान खान के समर्थन में इस बार का प्रदर्शन खतरनाक स्थिति में है। इस बात का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि आगजनी की घटनाओं के बाद पूरे पाकिस्तान में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहां सरकारी वाहनों पर खतरनाक ढंग से पत्थरबाजी की जा रही है। जिससे जहां एक ओर आठ से ज्यादा नागरिक और कार्यकर्ता मारे गए हैं, वहीं कई घायल भी हुए हैं। इन घटनाओं से इस बात के साफ संकेत मिल रहे हैं कि पाकिस्तान बहुत बड़े गृह युद्ध की ओर कदम बढ़ा रहा है।

# कर्नाटक चुनाव रिजल्ट से तय होगी भाजपा की रणनीति

अशोक भाटिया

"साथ ही उन नेताओं को भी विश्राम दिया जाएगा जो अभी तक अपरिहार्य माने जाते रहे हैं। यह आसान काम नहीं होगा। यह बात सब जानते है लेकिन कर्नाटक को उदाहरण माना जाए तो यहां बहुत कुछ बदल जाएगा। यही प्रबल संभावना है कि गुजरात फॉम्यूर्ला अपनाकर जीत की कोशिश की जाए। लेकिन ऐसा करने से पार्टी को नुकसान नहीं होगा, इस बात की गारंटी कोई नहीं दे सकता है पर चूँकि कर्नाटक में यह प्रयोग अपनाया गया है उसका रिजल्ट आज मालूम पड़ जायेगा । वैसे जब पार्टी सत्ता में रहने के लिए कुछ भी कर सकती है तो उसके नेता खुद को सत्ता में बनाए रखने के लिए कुछ नहीं करेंगे, यह मानना बेमानी होगा ।फिलहाल यह साफ है कि कर्नाटक के बदलाव ने यह बता दिया है कि मध्यप्रदेश में कुछ भी किया जा सकता है"

**भाजपा** का सबसे मजबूत गढ़ गुजरात को माना जाता है तो वहीं मध्य प्रदेश को भाजपा और संघ परिवार की प्रयोगशाला के रूप में जाना जाता है। गुजरात में भाजपा 1995 से लगातार चुनाव जीत रही है। इसके बावजूद भाजपा आलाकमान ने चुनाव से लगभग 14 महीने पहले सितंबर 2021 में बहुत ही शांति से मुख्यमंत्री समेत पूरी सरकार का चेहरा बदल दिया था। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 182 में से 156 सीटों पर जीत हासिल कर नया रेकॉर्ड बना दिया। खास बात ये है कि गुजरात की वर्तमान विधान सभा में 105 नए चेहरे हैं।अब भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के लिए "गुजरात मॉडल" अपनाने के लिए अपने मौजूदा विधायकों की बड़ी संख्या को नए चेहरों के साथ बदल दिया । भाजपा चुपचाप कर्नाटक में अब तक जाति-प्रधान चुनावों के दृष्टिकोण में आमूल-चूल परिवर्तन पर काम कर एक नए "विकल्प" की पेशकश की लोगों में से चुनने के लिए।भाजपा हाई कमान ने कर्नाटक विधानसभा के लिए अपने प्रत्याशियों की जो सूची अब तक जारी की उसने एक बड़ा संकेत दिया । कर्नाटक में अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए उसने जो फैसले लिए हैं, उन्हें उन राज्यों के लिए एक संदेश माना जाना चाहिए जो इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव से गुजरने वाले हैं। इन राज्यों में सबसे पहला नाम मध्यप्रदेश का है। सब जानते हैं कि 2018 के चुनाव में भाजपा ने तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी सरकारें गंवाई थीं। उसके लिए सबसे बड़ा झटका मध्यप्रदेश से आया था, जहां बहुत ही कम अंतर से उसकी हार हुई थी। छत्तीसगढ़ में भाजपा की बहुत ही बुरी हार हुई थी। जबकि राजस्थान की जनता ने हर चुनाव में सरकार बदलने का अपना फैसला बरकरार रखा था।यह अलग बात है कि कांग्रेस में आंतरिक कलह की वजह से हार के करीब सवा साल बाद भाजपा ने मध्यप्रदेश में फिर से सत्ता हासिल कर ली थी। मजे की बात यह है कि कांग्रेस में विभाजन के जरिए सत्ता पाने के बाद भाजपा नेतृत्व ने उन्हीं शिवराज सिंह को मुख्यमंत्री बनाया, जिनकी अगुवाई में वह चुनाव हारी थी। उधर कांग्रेस आज भी यह आरोप लगाती है कि पैसे के बल पर उसकी सरकार गिराई गई। उसके विधायक खरीदे गए थे। उसके निशाने पर सिर्फ और सिर्फ शिवराज सिंह ही हैं। राजनीतिक क्षेत्रों में यह माना जा रहा था कि भाजपा नेतृत्व कर्नाटक



में ऐसे फैसले नहीं करेगा जो स्थानीय नेताओं को अच्छे न लगें। क्योंकि दक्षिण में कर्नाटक ही वह राज्य है जिसमें वह सरकार बनाने में सफल हो पाई है। इसके लिए उसने अपने तमाम सिद्धांतों से समझौते किए थे और अब भी कर रही है। लेकिन इस बार उसने ऐसा किया नहीं। कर्नाटक विधानसभा के लिए प्रत्याशियों की सूची यह बता रही है कि अब भाजपा का लक्ष्य सत्ता हासिल करना है, नेताओं को साधे रखना नहीं।हालांकि यह भी कहा जा सकता है कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री की पसंद का पूरा ख्याल रखा गया है। साथ ही कई बड़े नेताओं को घर बैठा दिया गया है। यही वो बात है जिसे मध्यप्रदेश के लिए खास संदेश माना जा रहा है। दरअसल, कांग्रेस के एक धड़े को साथ लेकर सरकार बनाते समय भाजपा ने अपने कई बड़े नेताओं को मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया था। ऐसा करना उसकी संवैधानिक मजबूरी भी थी और सरकार में रहने का लालच भी। क्योंकि जिनकी मदद से उसने सत्ता हासिल की थी, उन्हें सत्ता में हिस्सा देना पहली शर्त थी।पिछले तीन साल में मध्यप्रदेश में भाजपा के भीतर बहुत कुछ बदला है। पुरानी पीढ़ी के कई नेताओं को घर बैठा दिया गया है। जो विधानसभा के सदस्य हैं, उन्हें मंत्रिमंडल में नही लिया गया। वहीं, जो मंत्री हैं, उनके लिए आगे का रास्ता बंद करने की तैयारी सार्वजनिक हो चुकी है। वरिष्ठ नेताओं की अगली पीढ़ी को परिवारवाद के नाम पर आगे आने से रोकने की व्यवस्था की जा चुकी है। आज प्रदेश में हालत यह है कि संगठन प्रभावहीन हो चुका है। दावे चाहे जो किए जाएं लेकिन पार्टी कार्यकर्ता उदासीन हैं। नेता अपने ही भविष्य को लेकर चिंतित है। उन लोगों को रूठे लोगों को मनाने का काम सौंपा गया है जो खुद उपेक्षित रहे हैं या यूं कहें कि खुद रूठे हुए हैं।सत्ता को बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री ने 'खाली' खजाने का मुंह खोल रखा है। हर संभव कोशिश वे अपनी ओर से कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रेकॉर्ड भी बना लिया है। लेकिन यह कड़वा सच है कि 5 साल पहले उनकी अगुवाई में ही भाजपा चुनाव हारी थी। ऐसे में अब कर्नाटक में जो फैसले भाजपा ने लिए हैं वे मध्यप्रदेश के लिए एक बड़ा संकेत हैं। मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 126 उसके पास हैं। इनमें वे विधायक भी शामिल हैं जो मूल रूप से कांग्रेसी हैं। उन्होंने भगवा पट्टा भले ही डाल लिया है लेकिन तीन साल बाद भी खुद को भाजपा के अनुरूप ढाल नहीं पाए हैं।यह बात नेतृत्व अच्छी तरह जानता है। ऐसे में चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची बनाते समय उसके सामने कई चुनौतियां होंगी। यह भी तय है कि अपनी नर्सरी कहे जाने वाले मध्यप्रदेश में सत्ता में बने रहने के लिए वह कुछ भी करेगी।कर्नाटक को नजीर मान कर देखा तो यह तय है कि यहां कम से कम एक तिहाई नए चेहरे तो सामने लाए जाएंगे। ऐसे में आज जो 126 हैं, उनमें से भी कई को बदला जाएगा।

साथ ही उन नेताओं को भी विश्राम दिया जाएगा जो अभी तक अपरिहार्य माने जाते रहे हैं। यह आसान काम नहीं होगा। यह बात सब जानते है लेकिन कर्नाटक को उदाहरण माना जाए तो यहां बहुत कुछ बदल जाएगा। यही प्रबल संभावना है कि गुजरात फॉम्युर्ला अपनाकर जीत की कोशिश की जाए। लेकिन ऐसा करने से पार्टी को नुकसान नहीं होगा, इस बात की गारंटी कोई नहीं दे सकता है पर चूँकि कर्नाटक में यह प्रयोग अपनाया गया है उसका रिजल्ट आज मालूम पड़ जायेगा । वैसे जब पार्टी सत्ता में रहने के लिए कुछ भी कर सकती है तो उसके नेता खुद को सत्ता में बनाए रखने के लिए कुछ नहीं करेंगे, यह मानना बेमानी होगा ।फिलहाल यह साफ है कि कर्नाटक के बदलाव ने यह बता दिया है कि मध्यप्रदेश में कुछ भी किया जा सकता है। अब देखना यह होगा कि कितने नेता ऊपर के आदेश को चुपचाप मान लेंगे और कितने आदेश से 'ऊपर उठ' जाएंगे! क्योंकि अब 'निष्ठा' और 'शुचिता' जैसे शब्द अपने मानी खो चुके हैं। भाजपा भी अटल-आडवाणी युग से काफी आगे निकल आई है। जैसा कि हम शुरू से बता रहे है कि कर्नाटक चुनाव से निपटने के बाद ऑपरेशन मध्यप्रदेश शुरू होगा। इस ऑपरेशन में एक ही टार्गेट होगा, वह है जीत का! इस जीत के लिए नीति, निष्ठा और नैतिकता को दरकिनार किया जा सकता है। वैसे भी भाजपा इनका परित्याग कर ही चुकी है।गौरतलब है कि भाजपा ने मध्यप्रदेश में 2003, 2008 और 2013 के लगातर तीन विधानसभा चुनावों में जीत हासिल कर अपनी सरकार बनाई थी लेकिन 2018 में हुए पिछले विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया था। 2018 के चुनाव में भाजपा को कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया की तिकड़ी ने 109 पर ही रोक दिया था। राज्य की कुल 230 सदस्यीय विधान सभा में 114 पर जीत हासिल कर, कांग्रेस ने अन्य दलों के सहयोग से सरकार बनाकर उस समय भाजपा को एक बड़ा राजनीतिक झटका दे दिया था। चुनाव हारने के बाद भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया, लेकिन 15 महीनों बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के कारण कमलनाथ सरकार गिर गई। राज्य में दोबारा भाजपा की सरकार बनी।

बदलाव की तमाम अटकलों के बीच तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के कारण पार्टी आलाकमान ने शिवराज सिंह चौहान को फिर से राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया था। कुछ महीनों बाद राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले वर्ष होने वाले लोक सभा चुनाव को देखते हुए पार्टी आलाकमान अब बदलाव का मूड पूरी तरह से बना चुका है।

## कविता

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ
,
उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने ,
प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ,।

हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,
मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूँ,।

आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,
गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूँ.।

मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,
आओ इन शब्दों को आज नया पैगाम दूं।

इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से खत्म ।
तू ही बता संजीव इसे क्या नाम दूं।

संजीव ठाकुर

# केरल बनाम कश्मीर

**राज सक्सेना**

**द केरला** स्टोरी केनिदेशकसुदीप्तो सेन, जो स्वयं घोषित कम्युनिस्ट है ने,जो विस्फोटक इन्टरव्यु दिया है वह पूरे देश के राष्ट्रवादियों की आँख खोलने के लिए पर्याप्त है, कि देश के कुछ भाग किस तरह बारूद के ढेर पर बैठे हुएहैं। उन्होंने कहा है कि ह्यकेरला में हिन्दू 10-15प्रतिशतही बचा है। 25 प्रतिशत ईसाई हैं। 25प्रतिशतमुसलमान हैं। बचे जिन 50प्रतिशतको हिन्दू समझा जाता है वेअधिकतर नास्तिक वामपन्थी हैं। आज हरा भरा दिखने वाला केरला काला (बुर्के वाला) हो चुका है। वे सिर्फ यहाँ ही नहीं रुकते, वे आगे और विस्फोटक जानकारियाँ उपलब्ध कराते हुए बताते हैं कि,उन्होंने इस्लामिक षड्यंत्रों के सीक्रेट डॉक्यूमेंट पढ़े हैं जिनमे बताया गयाहै कि 30प्रतिशतसे ज्यादा होने के बाद कैसे केरल को मुस्लिमराज्य बनाने की लड़ाई सड़को पर लड़नी है। उन्होंनेपूर्व मुख्यमंत्री(जो भाजपा केनही थे) की बात बताते हुए कहा कि कैसे उन्होंनेचिंता जताई थीकि आने वाले एक डेढ़ दशक में केरल हाथ से जाने वाला है। सुदीप्तो सेन ने यह राज भी खोला है कि, ये लव जिहाद का साराकिस्सा तब हीबाहर आया जब ईसाईयों को इस्लाम मे मतांतरितकरने का खेल शुरू हुआ। इससे पहले दोनों अलग अलग अपने स्तरों से एक दूसरे के कामों में दखल दिए बिना हिन्दू लडकियों का धर्मांतरण अपने अपने पक्ष में करा रहे थे।इससे पहले जब ईसाई खुल्लम-खुल्ला हिन्दुओ को ईसाई बना रहे थे तबवहां की सरकारों के कानों पर जूँ नहीं रेंगी थी लेकिन जैसे ही इस्लामी कट्टरवादियों ने ईसाइयों काइस्लाम मेंतेजी से धर्मांतरण शुरू किया, सरकार से लेकर कोर्ट तक सब जाग गए और गुहार लगाने लगे कि केरल कोइनसेबचा लीजिये। स्थिति की नजाकत और भयानकता को देख और परख रही भाजपा जो अब तक अपने स्वयंसेवकों की आहुतियाँ देकर भी कुछ नही कर पा रही थी तिनके का सहारा पाने के लिए एक रणनीति के तहत अबआगे बढ़ रही है।इसलिए भाजपा के नेता अबवहां चर्चो के धर्माधिकारियों से मुलाकात बढाते नजर आते हैं। और सुप्रीमकोर्ट के आदेशों के बावजूद सबरीमाला के लिए भी खड़े होते हैं। अब वहां देश के शीर्ष नेतृत्व को वन्दे भारत से लेकर नाव वाली मेट्रो का उदघाटन करते भी देखा जा सकता है क्योंकि विकास को वहां मुख्य मुद्दा बना कर ही केरल केसमाज में जगह बनायी जा सकती है। जो इस्लामी कट्टरवादियों को छोड़ कर,बाकी सबको चाहिए। सच बात तो यह है कि केरल के समाज विशेषकर बामपंथी हिन्दुओं के ब्रेनवाश की नितांत आवश्यकता इसलिए भी है कि हिंदुत्ववादी विचारधारा को दक्षिणपंथी दोगलापन बता कर केरल के युवाओं और किसी हद तक किशोरों के मनों में भी हिंदुत्व और हिन्दुओं के प्रति नफरत के भाव बामपंथियों द्वारा कुछ इस खूबसूरती के साथ भर दिए गये हैं कि वह कुछ भी सुनने को आसानी से तैयार ही नहीं होते है।

## विचार

# मोदी के विकास प्रेरित कार्य ही विरोधियों को रास नहीं आ रहे!

**डॉ. सूर्य प्रकाश अग्रवाल**

**भारतीय** जनता पार्टी के नरेन्द्र मोदी ने प्रथम बार लोकसभा सांसद चुने जाने पर 26 मई 2014 को शपथ लेकर भारत के प्रधानमंत्री पद का कार्यभार ग्रहण किया तथा तभी से वे निरन्तर बिना एक दिन की छुट्टी लिए चैबीस घंटे देश के विकस की चिन्ता करते हुए सैकड़ों विकास प्रेरित कार्य करते आ रहे है। तभी से वे अपने देशी व विदेशी विरोधियों की आंख की किरकिरी बने हुए है। उनके प्रति निरन्तर षड़यंत्र रचे जाते रहे है। परन्तु मोदी विरोध की चिन्ता किये बगैर अपने विकास के कार्य में लगे हुए है। षडयंत्रकारियों को निरन्तर सफलता नहीं मिल रही है और उन्हें मूंह की खानी पड़ रही है। हिजाब मोदी विरोधियों के षड़यंत्र का हिस्सा बन गया और हिन्दुओं को असहिष्णु तथा मुसलमानों को पीड़ित बताया गया। षड़यंत्रकारी मोदी विरोध में भारत के लोकतंत्र को ही एक अंधेरी गली में धकेलते रहने का प्रयास करते है जिससे देश में अराजकता का महोल बन जाये परन्तु मोदी ने कार्य भार ग्रहण करते ही यह सोच लिया था कि उनका विरोध कहां कहां से हो सकेगा और उन्हीं बिन्दुओं पर मोदी ने अपना होमवर्क कर लिया होगा। देश की सीमा को लेकर दबाब बनाया गया परन्तु मोदी ने सेना रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का मंत्र दे दिया तथा सेना को हथियारों तथा तकनीकी से लैस कर दिया। नागरिकता संशोधन कानून को विरोधियों ने देश में अराजकता तथा साम्प्रदायिकता फैलाने के लिए प्रयोग किया। राम मंदिर अयोध्या के मामले को विरोधियों ने पकड़ा परन्तु उसको उच्चतम न्यायालय ने महत्वहीन कर दिया। उसके बाद जम्मू व कश्मीर में अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को निष्प्रभावी करने का प्रयत्न किया गया। भारतीय जनता पार्टी के लिए 370 व राम मंदिर मूल मुददा था तथा इन पर देश की जनता ने मोदी का साथ दिया तथा विरोधियों के सारे हथकंडे धरे के धरे रह गये। सीएए पर दिल्ली में दंगा कराया गया तथा अराजकता पैदा की गई। किसानों की स्थिति में सुधार के लिए लाये गये तीन कृषि कानूनों को लाया गया परन्तु किसानों को भड़का दिया गया तथा दिल्ली की सीमाओं पर महिनों तक तम्बू तान कर किसानों ने आंदोलनरत रह कर दिल्लीवासियों को त्रास दिया। बाद में मोदी ने भारी मन से विकास के लिए बनाये गये कृषि के कानूनों को वापस ले लिया। गणतंत्र दिवस पर लाल किले की घटना से दिल्ली में भयानक आराजकता की स्थिति पैदा की गई परन्तु केन्द्र सरकार ने बड़ी कुशलता से उसे प्रभावहीन कर दिया। एक वर्ष से अधिक समय तक किसान दिल्ली की सीमाओं पर जमे रहे और भारत का देश व विदेश में बड़ी मात्रा में विरोध कर भारत के प्रति दुष्प्रचार कर भारत के सम्मान को विदेशों में ठेस पहुंचाने का भरसक प्रयास किया गया। मोदी जी देश को जोड़ने व विकसित करने के लिए जो भी कर रहे थे वे सभी पंथनिरपेक्षता तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों की चिन्ता करते हुए प्रगट किये गये। परन्तु मोदी के प्रति संदेह का माहौल बनाया गया। विरोध में देश व विदेशी ताकतों ने मोदी को कमजोर करने अथवा उनके अनुसार चलाने अथवा उन्हें सत्ता से बाहर करने का कार्य किया परन्तु मोदी ने बहुत कड़ी व कठिन चुनौती को स्वीकार किया। परन्तु मोदी ने वोट की चिन्ता नहीं करते हुए देश के विकास की चिन्ता की। भारत के सम्मान को विश्व में ऊंचा उठाने की ओर भरपूर ध्यान दिया। मोदी के द्वारा उठाये गये अद्वितीय कदमों के द्वारा ही विश्व के 25 सबसे ताकतवर देशों में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम अमेरिका व द्वितीय रुस है। वन नेशन वन टैक्स की तर्ज पर जीएसटी की मासिक जमा राशि 1.4 - 1.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। बड़ा सौर ऊर्जा संयन्त्र लगाने में भारत को विश्व में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। सौर ऊर्जा का उत्पादन 2017-18 में दो गुना हो गया जिससे पैट्रोल निर्यातक देश परेशान है। भारत की जीड़ीपी कोरोना काल के बाद भी 8.2 प्रतिशत है जबकि चीन का 6.7 प्रतिशत तथा अमेरिका का 4.2 प्रतिशत है। भारत जल, थल तथा आकाश तीनों क्षेत्रों में सुपरसोनिक मिसाइल दागने वाली विश्व का प्रथम देश बन गया। मोदी के द्वारा उठाये गये कदमों से दुश्मन राष्ट्र पाकिस्तान कंगाल हो गया क्योंकि भारत में नोटबंदी का प्रभाव पाकिस्तान पर पड़ा क्योंकि पाकिस्तान बडी मात्रा में भारत में नकली नोटों का व्यापार करता था। भारत ने ईरान का ऋण चुका दिया, राफेल की ड़ील, एस 400 की ड़ील की गई जबकि कांग्रेस के शासन काल में रक्षामंत्री ए. के. एण्टोनी ने 2014 में ही कहा था कि देश कंगाल है, राफेल तो क्या छोटा जेट भी नही खरीदा जा सकता।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# वर्चुअल दुनिया में जी रही हमारी युवा पीढ़ी !

**सुनील कुमार महला**

**आज** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, चैट-जीपीटी का जमाना है। सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्म्स पर एआई( आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) जनरेट सामग्री आती है और शायद यही कारण है कि आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स यथा व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम का क्रेज हमारी युवा पीढ़ी में लगातार बढ़ता चला जा रहा है। हमारी युवा पीढ़ी वर्चुअल दुनिया में जी रही है। यह वर्चुअल दुनिया ही आज का युवा पीढ़ी का पहला शौक बन गया है। आभासी दुनिया में खो-कर आज की युवा पीढ़ी न जाने कहाँ खो सी गई है कि उसे अपने आस-पास क्या घटित हो रहा है, क्या नहीं, का आभास ही नहीं है। वह इस आभासी दुनिया के इंद्रजाल में डूब चुका है। यही कारण है कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर आज युवाओं द्वारा हाई क्वालिटी, अटरेक्टिव और पर्सनल मेटैरियल को बेखौफ होकर साझा किया जाता है। आज हमारी युवा पीढ़ी ही नहीं मां-बाप,अभिभावक, रिश्तेदार, भाई-बहन सभी जिनको देखो, अपने एंड्रॉयड मोबाइल में व्यस्त नजर आते हैं। हमारे आसपास कौन क्या कर रहा है, अथवा क्या नहीं, हमें इससे आज कोई मतलब या सरोकार नहीं रह गया है। हम घर में उपस्थित सदस्यों से आज ढंग से बातचीत तक नहीं करते,लेकिन आभासी दुनिया के दोस्तों, मित्रों से बातचीत कर-के(चैट करके) हम मुस्कुराते हैं। हमारा घर, हमारा परिवार, हमारे बच्चे आज हमारी दुनिया कम, सोशल नेटवर्किंग साइट्स आज हमारी दुनिया ज्यादा नजर आने लगी है। यहाँ तक कि हमारे पास अपनों के लिए बातचीत तक करने का समय नहीं होता। दिन-रात,उठते-बैठते,खाते-पीते,नहाते हर वक्त हम अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर बिजी रहते हैं। हम आज सोशल मीडिया पर अपनी विभिन्न फोटोज पोस्ट करते हैं, कुछ न कुछ लिखते हैं, शेयर भी करते हैं और लाइक, कमेंट्स आदि भी करते हैं। हमें यह आभासी(वर्चुअल) दुनिया हमेशा अच्छी लगती है, हम इससे एक पल भी दूर नहीं होना चाहते हैं। हम अपने जीवन में हो रही चीजों के बारे में वर्चुअल दुनिया पर व्यस्त लोगों को तो बताना चाहते हैं लेकिन अपने पास बैठे,अपने साथ रह रहे लोगों, अपनों के साथ अपने दुख,तकलीफ, हंसी-खुशी को शेयर नहीं करना चाहते।

# दिखावा करना सीखो

**डॉ. सुरेश कुमार**

छीः-छीः तुमसे यह उम्मीद नहीं थी। क्या तुम दस किलोमीटर दूर ठहरे अपने दोस्त से मिलने चले गए? बड़े कमाल के आदमी हो। बड़े फुर्सतिया हो। तुम कुछ भी हो सकते हो लेकिन शहरी कतई नहीं। शहरी बनने के लिए शहरी मानसिकता भी चाहिए होती है। जो कि तुम्हारे पास बिल्कुल नहीं है। मुझे शर्म आती है तुम्हें मेरा मित्र कहते हुए। कह-कहकर थक गया कि शहरी बनो शहरी। और तुम हो कि वह छोड़कर सब बनने को तैयार हो। कलाई पर हेल्थ गजट लगाए पैरों में दस हजारी जॉगिंग जूता पहने मोटी सी तोंद को महंगे टी-शर्ट के लबादे सुपुर्द कर चुके हमारे मित्र ने अल्प अचरज हीन दृष्टि से मुझे लताड़ते हुए कहा। मैंने महाभारत युद्ध के पहले दिन अर्जुन की मुद्रा धारण किए अपने मित्र से शहरी होने का ज्ञान सीखने की इच्छा जताई। यह सुन वे टूट पड़े झ शहर में जीने का मतलब झूठ बोलना आना चाहिए। बिना सच के शहर हो सकते हैं बिना झूठ के कतई नहीं। अगर कोई जाना-पहचाना शहर आए और कहे कि मैं फलाँ जगह ठहरा हूँ क्या हम मिल सकते हैं तो इसका जवाब फट से मुँह उठाकर नहीं दे देना चाहिए कि मैं निरा फुर्सत में हूँ। और तुम्हारी राह ही जोह रहा हूँ। तुम कितने भी फुर्सत में रहो, लेकिन कोई मिलने आए तो तुम्हारी फुर्सत फुर्र हो जानी चाहिए। नहीं तो सामने वाला समझेगा कि इसके पास कोई काम-धाम है ही नहीं। लगता है बड़ी फुर्सत में रहता है। उसके सामने ऐसे भाव दो कि तुम्हारे बिना शहर चल नहीं सकता। या यूँ कहो कि तुम्हारे जैसों की वजह से ही शहर सांस ले पा रहा है। । क्योंकि बच्चू! यह शहर है, धर्मशाला नहीं कि मुँह उठाया और चल दिए। शहर में लोग बेमतलब बगल वाले से ठीक मुँह बात नहीं करते और तुम हो कि दोस्त से मिलने चले गए।

तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से ही शहर की हवा खराब हो चली है। यहाँ बसने वाले में एक गुण हमेशा रहना चाहिए। अपने काम निकलवाने तक सबको अपना बाप बनाते चलो। काम खत्म दुकान बंद। मतलब अपना काम हो जाने के बाद तुम कौन हम कौन जैसी रणनीति अपनानी चाहिए। जिस शहर में जितना कचरा होता है वह उतना डेवलप्ड होता है।

# शहर का विकास करवाना सर्वोपरि: ललित बत्रा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पूर्व वाइस चेयरमैन** एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ललित बत्रा ने शहर के अधूरे विकास कार्यों को रफ्तार के साथ पूरा करवाने के लिए नगर निगम के आयुक्त विश्रांत सिंह मीणा से विशेष मुलाकात की जिसमे शहर के सभी अधूरे विकास कार्यों पर सार्थक चर्चा की और कहा कि शहर का विकास करवाना उनके लिए सर्वोपरि है, जिसके लिए वह निरंतर संघर्षरत है । भाजपा नेता ललित बत्रा ने
शहर के विभिन्न अधूरे विकास कार्यो की एक लिस्ट नगर निगम आयुक्त को दी जिसमे ड्रेन नंबर 6 के अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाना, आईटीआई चौक से लेकर बन्देपुर सड़क का निर्माण जल्द करवाना, खिजर मकबरा ,जटवाड़ा ,लालदरवाजा, सुंदर सावरी जल्द से जल्द सीवर व्यवस्था को दुरस्त कर सड़क निर्माण करवाना , शहर में लगे पानी के ट्यूबलो के बिजली कनेक्शन लगवा कर उनको सुचारू रूप से चालू करवाना ताकि तीर्व गर्मी में जलापूर्ति पूरी हो सके।

**▶▶ भीड़भाड़ वाले बाजारों में शौचालय की व्यवस्था करवाना व शौचालय की सफाई व्यवस्था का विशेष प्रबंध करना है**

भाजपा नेता ने आगे बताया कि विवेकानंद चौक से लेकर 15 सेक्टर पुलिस थाने तक सड़क निर्माण जल्द जल्द पूरा करवाना, बस स्टेड से लेकर धानक बस्ती ,सुदामा नगर ,मुरथल अड्डा चौक तक सीवर निर्माण को पूरा करवा कर सड़क निर्माण को चालू करवाना , सोनीपत शहर में बंद पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाना व जहां लाइटों नही है वहां नई लाइटों का प्रबंध करना , बारिश से पहले सभी कालोनियों के बारिश के पानी की निकासी को ड्रेन नंबर 6 में जोड़ना , सेक्टरों वाली सड़को में गुणवत्ता चैक करवा कर ठेकेदार पर उचित कार्यवाही करना , शहर के सभी बाजारों में कड़ी सुरक्षा का प्रबंध करवाना व बाजारों में अच्छी गुणवत्ता के कैमरे लगवाना व बंद पड़े कैमरे को चालू करवाना , भीड़भाड़ वाले बाजारों में शौचालय की व्यवस्था करवाना व शौचालय की सफाई व्यवस्था का विशेष प्रबंध करना , शहर में आवारा पशुओं ,बंदरों को पकड़वाना आदि कार्यो को प्राथमिकता से करना है।

निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जितने भी कार्य बैठक में बताए गए हैं, उन सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ हल करवाया जाएगा। शहर के विकास कार्यों को गति देना ही उनकी प्राथमिकता है, जिसके लिए वे लगातार अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं।

# आग लगने से हुआ लाखों रुपए का नुकसान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**महलाना** रोड़ स्थित गत्ते के डिब्बे बनाने वाली निलाक्षी पैकेजिंग फैक्टरी में बीती रात शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई और जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची आग ने अपना रौद्र रूप दिखाते हुए पूरी की पूरी फैक्टरी को जला कर राख कर दिया, फर्म के मालिक योगेश ने बताया कि इस आग से मुझे 50 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हो गया है। सूचना मिलने पर सुबह मौके पर पहुंचकर पूर्व मीडिया सलाहकार एवं उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने घटना की जानकारी ली और योगेश को लाखों रुपए के हुये नुकसान पर सांत्वना दी। योगेश ने बताया कि मैं रात को फैक्टरी के सभी उपकरण बंद करके गया था, मुझे सुबह सूचना मिली और पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पीड़ित योगेश ने बताया कि वह गत्ते के डिब्बे बनाने का काम करता है और आगजनी से स्टाक के साथ साथ मशीनें तथा शैड भी जलकर राख हो गये। राजीव जैन ने पीड़ित योगेश को आश्वासन देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड व्यापारियों के नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति योजना शुरू कर रखी है। उन्होंने कहा कि वह पुलिस की एफ0आई0आर0, जी0एस0टी0 का रजिस्ट्रेशन, फायर बिग्रेड की रिपोर्ट तथा जी0एस0टी0 रिटर्न की कॉपी आदि दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन व्यापारी कल्याण बोर्ड में आवेदन कर दें। राजीव जैन ने आश्वस्त किया कि वह ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलवाने में मदद करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### मामूली विवाद के चलते प्रवासी मजदूर की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) मच्छरदानी** में सोने को लेकर हुए विवाद में मजदूर की छत से नीचे फेंक हत्या कर दी। यह मामला नारायणगढ़ अनाज मंडी का है। परिजन इत्फाकिया मौत समझ शव को बिहार ले गए, लेकिन बाद में वारदात से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज सामने आने पर मौत के कारणों का खुलासा हुआ। नारायणगढ़ थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर 5 लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के गांव डेहरी टोलाकाच मोह निवासी नरेश विश्वास ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे उसका बड़ा भाई श्रवण विश्वास, गांव धर्म गंज निवासी सुनील सदा और संत लाल सदा बिहार से नारायणगढ़ अनाज मंडी पहुंचे थे। यहां उन्होंने दिनभर काम किया। रात को उसका भाई दुकान नंबर-57 की छत पर उपेंद्र ठाकुर के साथ सोया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी बगल में सुनील सदा और संत लाल सोए हुए थे। मकान के नीचे संतोष ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर का साला रणजीत ठाकुर सोया हुआ था। रात को सोते वक्त उसके भाई श्रवण और उपेंद्र ठाकुर का विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पांचों ने मिलकर उसके भाई श्रवण विश्वास को छत से नीचे फेंक दिया। जिसमें उसकी गर्दन टूटने से मौत हो गई।
नरेश विश्वास ने बताया कि वे श्रवण विश्वास के शव को अपने साथ बिहार ले गए थे। यहां उन्होंने शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया। बाद में दुकान नंबर-55 के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो पता चला कि पांचों ने मिलकर उसके भाई को छत से नीचे फेंका था। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 304 व 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला की मौत पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट से पोस्टमार्टम करवाने पर अड़े परिजन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला के निकटवर्ती गांव उगाड़ा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला शांत होता नजर नहीं आ रहा है। आज भी परिजन पैनल फोरेंसिक एक्सपर्ट को शामिल कर शव का पोस्टमॉर्टम कराने की मांग पर अड़े हैं। हालांकि,अस्पताल प्रशासन द्वारा 3 डॉक्टरों का पैनल बनाया गया है। उधर, सदर थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति समेत 4 लोगों पर दहेज के लिए हत्या का केस दर्ज किया है। गांव उगाड़ा में सुखदीप कौर की बीते कल संदिग्ध मौत हुई थी। पुलिस के मुताबिक, महिला ने सुसाइड किया है। जबकि ससुराल वालों ने मायके में फोन करके हार्ट अटैक से मौत होने की सूचना दी थी। उगाड़ा पहुंचे मायका वालों ने बेटी की गर्दन पर निशान देख गला घोंटकर हत्या करने के आरोप लगाए थे। मोहाली के गांव बसौली निवासी हरप्रीत सिंह ने बताया कि साल 2017 में उसकी बहन सुखदीप कौर की गांव उगाड़ा निवासी मनजीत सिंह से शादी हुई थी। मनजीत सिंह, सास राज रानी, ससुर बहादुर सिंह उर्फ श्योराम, जेठ सर्बजीत सिंह दहेज के लिए उसकी बहन को प्रताड़ित करते थे। वे सुखदीप कौर का अपने गांव बसौली में ही अंतिम संस्कार करेंगे।

### नागरिक अस्पताल में धूमधाम से मनाया नर्स दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पूरे देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नर्सिंग दिवस मनाया जा रहा है। अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में भी नर्सिंग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ने कहा महा नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिन के अवसर पर मनाया जाता है नर्सिंग दिवस, नागरिक अस्पताल में मनाए जा रहे नर्सिंग दिवस के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए सीनियर नर्सिंग ऑफिसर बाला शर्मा ने बताया कि आज के दिन महा नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था और नर्सिंग का प्रोफेशन उन्हीं की देन है एक प्रशिक्षक के तौर पर उन्होंने बहुत अच्छा कार्य किया। उन्होंने घायल सैनिकों और पूरी जनता की रात दिन एक करके सेवा की। उन्होनें ये भी बताया कि दुनिया में पहले नर्सिंग कॉलेज भी उन्हीं के द्वारा खोला गया था और सभी नर्स सेव कहना चाहती हैं अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें और समाज से भी उनकी यही गुजारिश है कि वह नर्सेज को आदर व सम्मान करें।

# चिराग योजना में कुछ प्राइवेट स्कूल नहीं दे रहे एडमिशन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** शहर में अब भी अनेक बच्चे ऐसे है जिन्हें चिराग योजना के तहत दाखिला नहीं दिया गया। जिसके चलते अभिभावक व बच्चों ने उपायुक्त अंबाला को ज्ञापन सौंपा। अनेक परिजन उपायुक्त कार्यालय पहुंचे उनके साथ नन्हे-नन्हें बच्चे भी थे। परिजनों का कहना था कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है। बच्चे हाथ में फार्म लिए हुए थे जबकि उनके अभिभाविक भी हाथों में नारे लिखे बोर्ड लिए हुए थे जिनमें लिखा था कि अच्छी शिक्षा नहीं दिलाओं को तो भारत को उन्नत कैसे बनाओगे। अभिभावकों की मांग थी कि चिराग योजना का समय ओर अधिक बढ़ाया जाए तथा बच्चों के एडमिशन प्राईवेट स्कूलों में करवाए जाएं। सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन इन योजनाओं का लोगों तक लाभ नहीं पहुंच रहा। जिसके चलते आए दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने चिराग योजना के तहत बच्चों के दाखिले स्कूल में लेने के लिए आवेदन किया था लेकिन अनेक स्कूल ऐसे है जो बच्चों को दाखिला ही नहीं दे रहे हैं। अभिभावक प्रंबधन से बात करते है तो उन्हें टाल-मटोल कर वापिस भेज दिया जाता है। गांव मोहड़ा के मान सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा गरीब व अति गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए खंड के किसी भी प्राईवेट स्कूल में चिराग योजना फार्म भरे जा रहे है जिसकी अंतिम तिथि आज 12 मई है लेकिन सभी प्रकार की ओपचारिकताएं पूरी होने पर भी जब फार्म दिए गए तो स्कूल प्रबंधनों ने फार्म लेने से ही मना कर दिया। ऐसे में बच्चों के दाखिले वह कहा करवाएं। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि उनके बच्चों को भी प्राईवेट स्कूलों में शिक्षा का अधिकार दिया जाए। उन्होंने बताया कि इससे पहले सरकार द्वारा 134 ए के तहत दाखिला देने की योजना

# सड़क हादसे में कृष्णा कॉलोनी निवासी सौरभ की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**देर** शाम शहर के कृष्णा कालोनी निवासी सौरभ की कालका चौक के पास मौत हो गई थी। जिसके बाद आज उसके शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। युवक कपड़े की दुकान पर काम करता था। युवक की मौत के बाद क्षेत्र में दुख का माहौल है। सिटी के हीरा नगर निवासी ललित कुमार ने बताया कि वह अपनी बाइक पर बलदेव नगर फाटक के पास किसी काम से आया हुआ था। जब वह वापस मार्केट जाने लगा तो कालका चौक के पास उसे कृष्णा कॉलोनी निवासी उसका साला सौरव मिला। दोनों अलग-अलग बाइक पर अंबाला सिटी की तरफ जाने लगे। ललित ने बताया कि जब सौरव कालका चौक से अंबाला सिटी की तरफ मुड़ने लगा तो तेज रफ्तार प्राइवेट कॉलेज की बस आई और सौरव को सीधी टक्कर मारी।

# नशेड़ीयों ने श्मशान घाट से चुराई पानी की मोटर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) गत** दिवस श्मशान घाट बब्याल की चारदीवारी के अंदर गेट के पास लगी पानी की मोटर क्रॉम्पटन व समर्सिबल पंप क्रॉम्पटन को नशेड़ियों चोरी कर लिया राहगीरों ने 112 न0 पर फोन कर वारदात की सूचना दी कुछ ही देर में पुलिस (112) की गाड़ी को आता देख चोर भागने मे सफल हो गए परन्तु चोरी की गई मोटर व समर्सिबल पम्प को वहीं छोड़ गए । जिसे डायल 112 की गाड़ी में रख कर पुलिस कर्मी मोके से ये कहते हुए चल पड़े कि पकड़े गए समान की सुपुर्दगी करवा लेना, इतने दिन बीत गए थाने के कई चक्कर लगाने के बाद भी श्मशान घाट के कर्मियों को चोरी की गई मोटर व समर्सिबल पम्प नही मिल सके । लिहाजा गर्मी के चलते संस्कार करने हेतु आने वाले लोगों को हाथ धोने का पानी पर्याप्त मात्रा में नही मिल पा रहा । श्मशान घाट के सौंदर्य हेतु लगे फूलों के पौधे भी पानी की कमी के कारण अपनी जीवन लीला समाप्त करते जा रहे हैं ।
उल्लेखनीय है कि मोटर व समर्सिबल पंप को प्लास्टिक की पाइपों से जोड़ा हुआ था जिसकी कम मजबूती के फायदा उठा कर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया यदि प्लम्बर लोहे की पाइपों से फिटिंग करता तो शायद चोर भी इन्हें चोरी करने की हिम्मत न कर पाते ।

# 14 मई को मनाया जाएगा नवाब जस्सा सिंह आहलूवालिया का 305वां प्रकाशवर्ष

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**सुलतान-उल-कौम (नवाब)** जस्सा सिंह अहलुवालिया का 305वां प्रकाश पर्व 14 मई दिन रविवार को अंबाला शहर के सैक्टर 8 के नजदीक मून पैलेस में मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए हरियाणा प्रधान तजेन्द्र वालिया, अंबाला अहलुवालिया पंचायत यूथ विंग के प्रधान रूबल वालिया श्री साई फैलेक्स वाले 98123-18881, बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज मुख्यातिथि होगें। उन्होंने बताया कि जस्सा सिंह अहलुवालिया को समर्पित इस कार्यक्रम हरियाणा, पंजाब, यूपी से अहलुवालिया बिरादरी के हजारों सदस्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता शिक्षा मंत्री कंवल पाल गुज्जर करेंगे। जबकि विजय सांपला राष्टीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग, शहर विधायक असीम गोयल, एच एस जी एम सी के प्रबंधक महंत कर्मजीत सिंह, राष्ट्रीय संयोजन विजय पाल सिंह अहलुवालिया, जेजे सिंह अहलुवालिया चेयरमैन, ऑल इंडिया अहलुवालिया समाज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।
रूबल अहलुवालिया ने बताया कि सुबह 10 बजे से साढे 10 बजे से लेकर शब्द कीर्तन होगा। इसके उपरांत वशिष्ट व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित किया जाएगा। मुख्यातिथियों का स्वागत होगा तथा पंचायत के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। गुरू के लंगर अटूट बरताए जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा में पहली बार बडे स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में अहलुवालिया बिरादरी द्वारा बढ़चढ़ कर सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं ऐसे में इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कई बार अंबाला में समाज के विशिष्ट व्यक्तियों के साथ बैठक भी हुई।

# अग्रवाल भवन सेक्टर-9 में योग कक्षाएं शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) भारतीय** योग संस्थान अम्बाला इकाई अर्बन द्वारा सामूहिक योग दक्षता कलास का आयोजन अग्रवाल भवन सैक्टर-9 मे प्रातः 5:15 से प्रातः 6:30 तक किया गया जिसमे 78 सायक/साधिकाओं में भाग लेकर लाभ उठाया।
इन योग दक्षता अक्षा का संचालन जिला प्रधान विशाल वर्मा द्वारा किया गया। अन्ना का प्रारंभ भारतीया योग संस्थान के नियमानुसार लम्बे गहरे स्वास, और हक्की, गायत्री मंत्र के उच्चारण से किया गया। इसके उपरान्त 4 (चार) बार सूयो नमास्कार का अभ्यास सूर्या मन्त्रो के साथ किया गया।

# हरियाणा में किसानों के लिए इफको उपलब्ध कराएगा 125 ड्रोन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**इफको द्वारा** भारत में किसानों के लिए खेते में स्प्रे करने के लिए 2500 ड्रोन खरीदे जा रहे हैं तथा हरियाणा को 125 ड्रोन दिए जा रहे हैं तथा 70 बूम स्प्रेर भी दिए जाएगे।
उन्होंने ने बताया कि किसानों को भारी लाभ होगा। अंबाला में भी 4 ड्रोन उपलब्ध करवाएं जाएगे जिन्हें जरूरत के अनुसार किसानों को उपलब्ध करवाया जाएगा। इससे एक ओर जहां कृषि को बढ़ावा मिलेगा तो वहीं किसानों के सामने अक्सर स्प्रे के लिए मजदूरो की कमी रहती थी और यह भी खत्म हो गई।

**▶▶ हरियाणा में 125 ड्रोन उपलब्ध करवाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि देश भर में 2500 ड्रोन खरीदे जा रहे है**

आज अंबाला छावनी के निकटवर्ती गांव खुडा में इफको किसान सेवा केंद्र का शुभारंभ करते हुए इफको के हरियाणा राज्य प्रबंधक डॉ शमशेर सिंह ने बताया कि बदलते समय के साथ-साथ खेती के तरीके भी बदल रहे है। इसी लिए जहां एक ओर अब किसानों को नैनोयूरिया प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तो वहीं किसानों की जरूरत के अनुसार उन्हें इफको उन्हें ड्रोन उपलब्ध करवाएगा। इसी के चलते हरियाणा में 125 ड्रोन उपलब्ध करवाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि देश भर में 2500 ड्रोन खरीदे जा रहे है तथा अंबाला में भी 4 ड्रोन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।
वहीं किसान सुखविन्द्र सिंह का कहना था कि इफको का किसान सेवा केंद्र खुलने से उन्हें बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन का स्प्रे पूरी तरह से कामयाब है। आने वाले समय में मजदूरों की समस्या का समाधान होगा। गन्ने व सूरजमुखी की फसल में यह काफी कारगर हो रहा है।
इसके बाद उन्होंने खुडा में ही केचूआ खाद उत्पादन को देखा उनके साथ फसल विज्ञान विज्ञानिक तेपला डॉ राजेंद्र कुमार, जिला प्रबंधन इफको डॉ प्रवीण कुमार, केचुआ खाद उत्पादक बंटी राणा, पूजा, विक्रम, इफको किसान सेवा केंद्र के रविकांत, ब्रिज पाल चौहान, शमशेर, विनोद, रितेश चौहान, सिद्धार्थ मौजूद थे।

# विकास पड़ा धड़ाम, खरखौदा की एक भी अवैध कॉलोनी नही हुई पास



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** की चेयरमैनशिप में गठित डिस्ट्रिक्ट लेवल स्क्रूटनी कमेटी (डीएलएससी) में जिला नगर योजनाकार की परिधि में आने वाली 32 अवैध कालोनियों को नियमित करवाने पर सहमति बनी हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने डीएलएससी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अवैध कालोनियों के नियमितीकरण के लिए निर्धारित मानकों की गंभीरता से पड़ताल करें। लघु सचिवालय में शुक्रवार को डीएलएससी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि 1 जुलाई, 2022 को आधार तिथि मानकर अवैध कालोनियों को नियमित करने की दिशा में तीव्र कदम बढ़ाये गये हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 209 अवैध कालोनियों चिन्हित की गई हैं। इनमें से 130 अवैध कालोनियों को नगर निगम-नगर पालिका-नगर परिषद के द्वारा नियमित किया जाना है। शेष 79 कालोनियों जिला नगर योजनाकार की परिधि में आती हैं, जिनके नियमितीकरण के लिए डीएलएससी की गठन किया गया है। डीएलएससी में उपायुक्त को चेयरमैन बनाया गया है तथा जिला नगर योजनाकार को सदस्य (संयोजक) की जिम्मेदारी दी गई है। डीएलएससी सात अन्य अधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है जिनमें जिला परिषद के सीईओ, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर, डिस्ट्रिक्ट फायर ऑफिसर तथा पंचायती राज के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर और तहसीलदार हैं। डीएलएससी की बैठक में कमेटी द्वारा चिन्हित 79 में से 32 अवैध कालोनियों के नियमितीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इन 32 कालोनियों में से 25 अवैध कालोनियों सोनीपत की तथा एक अवैध कालोनी गोहाना की और 6 अवैध कालोनियां गन्नौर उपमंडल की शामिल हैं। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने बताया कि 1 जुलाई 2022 से पहले बसाई गई यह कालोनियां निर्धारित शर्तें पूर्ण करती हैं। मुख्य रूप से निर्धारित किये गये मानकों में जरूरी है कि अवैध कालोनी पब्लिक लैंड (वक्फबोर्ड, एचएसवीपी, पंचायत, नगर निगम, राजस्व)पर न बसाई गई हो।

# मेयर निखिल ने किया वार्ड नंबर 1 में जटवाड़ा क्षेत्र का दौरा

**क्षेत्रवासियों की सीवरेज, गलियों के पक्के होने और स्ट्रीट लाइट संबंधी सुनी समस्याएं**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 1 में जटवाड़ा क्षेत्र का दौरा किया और लोगों की सीवरेज और पेयजल आपूर्ति संबंधी जन समस्याओं को सुना। जटवाड़ा में पहुंचने पर मेयर निखिल मदान का क्षेत्रवासियों द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय निवासी नरेश सैनी और उमाशंकर गौतम ने बताया कि क्षेत्र की कुछ गलियों में सीवर लाइन का काम होने के बाद गलियों को पक्का नहीं किया गया है। साथ ही कुछ गलियों में सीवर लाइन बिल्कुल जर्जर हो चुकी है।



इसके अलावा कई गलियों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति न होने की भी समस्या लोगों द्वारा बताई गई है। साथ ही कुछ गलियों में नई पेयजल लाइन डालने की मांग भी क्षेत्रवासियों द्वारा रखी गई है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही मौजूद निगम अधिकारियों को सभी समस्याओं का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।
मेयर निखिल मदान ने कहा कि जल्द ही सभी कच्ची गलियों को पक्का किया जाएगा, और आवश्यकता अनुसार नई सीवरेज लाइन और पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी।
इन सभी कार्यों के लिए एस्टीमेट तैयार करने और टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के दिशा निर्देश उन्होंने निगम अधिकारियों को दिए है।
इसके अतिरिक्त मेयर निखिल मदान ने मौके पर चल रहे सी सी गली के निर्माण कार्य का जायजा लिया और लोगों के शिकायत दिए जाने पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को जांचने के लिए गली में पांच विभिन्न जगहों से सैंपल भरवाने के आदेश दिए।

# विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर युवाओं ने भाजपा का दामन थामा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) मंत्री** अनिल विज ने अपने आवास पर पक्की सराय और ग्वाल मंडी से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए दर्जनों युवाओं को पार्टी के पटके पहनाकर उनका स्वागत किया।
विज ने युवाओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि अपने शहर और देश को बढ़िया बनाने के लिए हम सब प्रतिज्ञा करते हैं कि हम अपने जीवन का एक-एक पल देश की तरक्की के मार्ग पर लगाए और देश को समृद्ध और मजबूत राष्ट्र बनाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और युवाओं के पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने युवाओं से समाज हित में बेहतर कार्य करने का आह्वान किया ताकि अपने शहर व देश को बेहतर बनाया जा सके।
उन्होंने पार्टी में सभी का सम्मान किया जाता है और युवाओं को कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। पक्की सराय और ग्वाल मंडी से दर्जनों युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। युवाओं ने कहा कि गृह मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में अम्बाला छावनी में जो ऐतिहासिक कार्य हुए हैं उससे शहर का स्वरूप ही निखर गया है।

# अधिकारियों के तबादले पर फिर फंसा पेंच

## आप की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट नई पीठ के गठन के लिए तैयार हो गया है

**रस्साकशी**

- **सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद आम आदमी पार्टी की सरकार प्रशासनिक अधिकारी का तबादला नहीं कर पा रही है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** अधिकारियों के तबादले के मुद्दे पर फिर पेंच फंस गया है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद आम आदमी पार्टी की सरकार प्रशासनिक अधिकारी का तबादला नहीं कर पा रही है। जिसके बाद आप ने फिर से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। आप की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट नई पीठ के गठन के लिए तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट अगले हफ्ते नई पीठ का गठन करेगा, जो आम आदमी पार्टी की याचिका पर सुनवाई करेगी।

**अब क्या है विवाद:** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने एक अहम आदेश में कहा था कि अधिकारियों की तैनाती और तबादले का अधिकार दिल्ली सरकार के पास रहेगा। वहीं दिल्ली में कानून व्यवस्था, सार्वजनिक व्यवस्था और जमीन से जुड़े मुद्दे और पुलिस पर केंद्र सरकार का अधिकार होगा। पांच जजों वाली संविधान पीठ ने कहा कि दिल्ली देश के अन्य केंद्र शासित प्रदेशों की तरह केंद्र शासित प्रदेश नहीं है और दिल्ली सरकार के पास सेवाओं पर विधायी और कार्यकारी शक्तियां हैं। उपराज्यपाल बनाम दिल्ली सरकार मामले में इसे दिल्ली सरकार की जीत माना गया और इसके साथ ही दिल्ली सरकार द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले का रास्ता साफ हो गया।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंची आप सरकार:** सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद दिल्ली सरकार ने दिल्ली सरकार सेवा विभाग के सचिव आशीष मोरे का तबादला कर दिया। आप सरकार मोरे की जगह 1995 बैच के आईएएस अधिकारी और दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सीईओ एके सिंह को सेवा विभाग का सचिव बनाना चाहती है। हालांकि आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार मोरे के तबादले को लागू ही नहीं कर रही है। यही वजह है कि आप सरकार ने फिर से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। आप सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने कहा कि केंद्र के फैसले से कोर्ट की अवमानना हो सकती है।

# पुलिस ने अदालत में दायर की स्टेटस रिपोर्ट

**जांच जारी**

- **साथ ही पुलिस ने कोर्ट में बताया कि मामले को लेकर 4 राज्यों से सबूत इकट्ठा किए गए है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पहलवानों की याचिका पर कोर्ट के निर्देशों के बाद शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने मामले की स्थिति रिपोर्ट अदालत में सौंपी है। पुलिस ने अदालत को बताया कि उन्होंने दोपहर को करीब दो बजे सीआरपीसी की धारा 164 के तहत पहलवानों को बयान दर्ज करा लिए हैं। साथ ही पुलिस ने कोर्ट में बताया कि मामले को लेकर 4 राज्यों से सबूत इकट्ठा किए गए है।

**मामले में गठित की एसआइटी:** दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट को पहलवानों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को स्थिति रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया था, जिसपर आज पुलिस ने अदालत को बताया कि आज दो बजे एक और पहलवान के 164 के बयान दर्ज कराएं जाएंगे। साथ ही पुलिस ने कोर्ट को जानकारी दी कि इस मामले की जांच के लिए एसआइटी का गठन किया गया है। इसके बाद कोर्ट ने स्थिति रिपोर्ट की कापी महिला पहलवानों के वकील देने को कहा। इस मामले में दो दिन पहले महिला पहलवानों की याचिका पर दिल्ली की कोर्ट ने सुनवाई करते हुए पुलिस से मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था, सुनवाई के दौरान महिला पहलवानों की ओर से पेश वकील ने कहा था कि इस मामले में दो केस दर्ज हैं। वकील ने कहा था कि इस मामले में शिकायत तो दर्ज हुई, लेकिन अभी तक दिल्ली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। बता दें कि महिला पहलवानों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने के बाद पुलिस ने 28 अप्रैल को दो केस दर्ज किए थे, जबकि यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवान 23 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं।

# निक्की हत्याकांड में पुलिस ने दायर की चार्जशीट

## आरोपित ने प्रेमिका की हत्या कर फ्रिज में छिपाया था शव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निक्की यादव** हत्याकांड में पुलिस ने द्वारका कोर्ट में 6 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस ने कोर्ट में 576 पेजों की चार्जशीट दायर की है। चार्जशीट में आरोपितों पर आईपीसी की धाराओं 302, 201, 202, 212, 120बी के तहत आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, इस मामले में द्वारका कोर्ट 25 मई को सुनवाई करेगा। बता दें कि उसे 14 फरवरी को निक्की यादव हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया था
दरअसल,साहिल गहलोत के घर वालों ने उसकी कहीं अलग-अलग शादी तय कर दी थी। इसी के चलते साहिल गहलोत और उसकी लिव-इन पार्टनर निक्की यादव के बीच बहस हुई थी। बहस इस हद तक पहुंच गई कि साहिल ने निक्की की हत्या कर दी और उसके बाद निक्की का शव मित्राऊं गांव में अपने फ्रिज में छिपा दिया था।

**निक्की और साहिल ने रचाई थी शादी:** पुलिस के मुताबिक, 3 साल पहले साहिल और निक्की की शादी एक मंदिर में हुई थी और निक्की ने अपने परिवारवालों को शादी में शामिल होने का न्योता दिया था। हालांकि, दोनों की जाति अलग होने के कारण निक्की के घरवालों को यह शादी मंजूर नहीं थी। साहिल के दोस्तों ने बताया था कि निक्की और साहिल काफी समय से शादी करना चाहते थे और उन्होंने आखिरकार साल 2020 में ग्रेटर नोएडा में रहते हुए शादी कर ली।
फ्रिज में शव की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच करने के बाद साहिल को गिरफ्तार किया था। खास बात है कि निक्की की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने साहिल के पिता वीरेंद्र की गिरफ्तारी की थी।

**चार्जशीट**

- **चार्जशीट में आरोपितों पर आईपीसी की धाराओं 302, 201, 202, 212, 120बी के तहत आरोप लगाए गए हैं**

# महिला ने बाइक में लगाई आग, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण-पूर्वी दिल्ली** के जैतपुर थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा एक बाइक में आग लगाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला को पहले बाइक से पेट्रोल निकालते हुए और इसके बाद उसे बाइक पर छिड़ककर आग लगाते हुए देखा जा रहा है। लोगों ने महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि घटना बीती रात की है।

# मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण पूर्वी जिले के मथुरा रोड** स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को बम से उड़ाने की एक बार फिर धमकी मिली है। यह धमकी एक मेल के जरिए गुरुवार शाम को भेजी गई थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने स्कूल की तलाशी ली, लेकिन मामला झूठा निकला। डीसीपी राजेश देव ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार शाम करीब 6.17 बजे ई-मेल के जरिये सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमें लिखा था, "मैं 12 मई को सुबह 11 बजे स्कूल में विस्फोट करने वाला हूं।" उसके बाद एसीपी, एसएचओ की देखरेख में थाना हजरत निजामुद्दीन से पुलिस टीम स्कूल पहुंची। इसी बीच बम निरोधक दस्ता भी टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार खोजी कुत्तों के साथ बीडीएस टीम ने पूरे स्कूल की तलाशी ली। साथ ही स्कूल के स्टाफ की मदद से स्कूल की मैन्युअल तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। डीसीपी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पिछले महीने भी इसी स्कूल में बम रखे होने की सूचना मिली थी। यह दूसरी बार है जब स्कूल में बम रखे होने की झूठी सूचना दी गई है। इससे पहले 26 अप्रैल को भी स्कूल में बम होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई थी। जांच के दौरान स्कूल में बम या कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली थी। जांच में पता चला कि मेल एक छात्र का है, लेकिन उसने पूछताछ में मेल भेजने से इनकार कर दिया।

**मामला झूठा निकला**

- **यह धमकी एक मेल के जरिए गुरुवार शाम को भेजी गई थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई**

# सीएम आवास के बाहर भाजपा का प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जीबी पंत अस्पताल** में अनुसूचित जाति की महिला के साथ बर्बरता के विरोध में भाजपा ने मुख्यमंत्री आवास के नजदीक प्रदर्शन किया। महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के साथ उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी, जिससे सात मई को उसकी मौत हो गई। भाजपा पीड़िता के स्वजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा पीड़िता के स्वजनों से मिलकर उन्हें पार्टी की तरफ से दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी थी। हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा व अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास के नजदीक प्रदर्शन किया। उन्होंने दिल्ली सरकार को अनुसूचित जाति विरोधी बताया। चंदगी राम अखाड़े से नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री आवास की तरफ बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बीच में ही रोक दिया। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की बेटी के साथ अस्पताल में बर्बता हुई, लेकिन दिल्ली सरकार पर इसका कोई असर नहीं है। मुख्य आरोपित शाकिर का आम आदमी पार्टी के नेताओं से संबंध है, इसलिए पीड़िता के स्वजनों के साथ सरकार को कोई सहानुभूति नहीं है। पीड़िता को इंसाफ दिलाने के लिए भाजपा संघर्ष करेगी। कहा, अनुसूचित जाति की बस्तियों के विकास के लिए मिलने वाले छह सौ करोड़ रुपये को आम आदमी पार्टी की सरकार ने कम करके 70 करोड़ कर दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के समय मुख्यमंत्री दिल्लीवासियों के लिए जान बचाने के लिए घर से बाहर नहीं निकले। वह 171 करोड़ रुपये खर्च कर अपना महल बनाने में व्यस्त थे। उनके महल में 109 कमरे हैं। पटियाला के राजा के महल में भी इतने कमरे नहीं है। प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष योगिता सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र गोठवाल, पीड़िता के रिश्तेदार सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**न्याय की मांग**

- **महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के साथ उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी, जिससे सात मई को उसकी मौत हो गई थी**

# यूट्यूब और समाचार चैनल को हाईकोर्ट का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने जबरन मतान्तरण कराने के आरोप से जुड़े वीडियो व इंटरनेट लिंक हटाने का सुदर्शन न्यूज चैनल के साथ ही यूट्यूब को आदेश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि अगर चैनल वीडियो नहीं हटाता है तो यूट्यूब इसे हटाए। कोर्ट ने उक्त आदेश याचिकाकर्ता अजमत अली खान की याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। अदालत ने वीडियो में जेहादी शब्द के इस्तेमाल वीडियो के नीचे आए कमेंट्स पर चिंता जताते हुए गंभीर आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि इन टिप्पणियों से खान को खतरा स्पष्ट है और इसलिए



**आदेश**

- **जबरन मतान्तरण कराने के आरोप से जुड़े वीडियो लिंक हटाने का सुदर्शन न्यूज चैनल के साथ ही यूट्यूब को आदेश दिया**

वीडियो को सार्वजनिक रूप से देखने के लिए तुरंत ब्लॉक कर दिया जाना चाहिए। आरोप है कि खान सात साल तक एक महिला के साथ संबंध में थे।

# गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के आठ बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की अपराध शाखा ने गोल्डी बराड़, लॉरेंस बिश्नोई गैंग, काला जठेड़ी, नरेश सेठी और संपत नेहरा गैंग के तीन वसूली मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से छह हथियार भी बरामद किए हैं। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य जबरन वसूली के लिए किशोरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। किशोरों को अपने गिरोह में शामिल करने के लिए ये लोग उन्हें तरह-तरह का लालच देने के अलावा अपराध की दुनिया में आकर नाम कमाने का लालच भी देते हैं। यह गिरोह दिल्ली, एनसीआर, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान में लोगों से जबरन वसूली करता है। गिरोह के सरगना विदेश में बैठकर भारत के कई राज्यों में अपराध करने के लिए लोगों की भर्ती तक कर रहे हैं। पहला मामला सनलाइट कॉलोनी का है। यहां 23 अप्रैल को एक घर के दरवाजे पर 5 राउंड फायरिंग की गई थी। दोनों सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गए थे। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि उसे 23 मार्च को एक विदेशी नंबर से वॉयस मैसेज आया था, जिसमें दो करोड़ रुपये मांगे गए थे। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई बताया था। इसके बाद 28 मार्च तक उसके पास कई बार वॉयस कॉल आए और उसे धमकी दी गई कि यदि दो करोड़ पर नहीं दिए तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

# कोर्ट ने बढ़ाई मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद आज शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया है, जहां अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत को 21 दिनों तक बढ़ा दिया है जानकारी के अनुसार, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई मामले में आप नेता को मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को 2 जून तक बढ़ा दिया है। न्यायालय के समक्ष लंबित आरोपपत्र पर विचार कर रहा है। वहीं, गुरुवार को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया ने जमानत देने से इनकार करने के राउज एवेन्यू कोर्ट के 31 मार्च के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने साथ ही संबंधित जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जमानत याचिका पर निर्णय आने तक मनीष सिसोदिया व उनकी पत्नी की प्रत्येक वैकल्पिक दिन पर तीन से चार बजे के बीच वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुलाकात कराना सुनिश्चित करे।

# टिल्लू ताजपुरिया गैंग के शार्प शूटर अमित के भाई ने गोली मारकर की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गैंगस्टर टिल्लू** ताजपुरिया गैंग के शार्प शूटर अमित दबंग के भाई मोहित उर्फ बंटी (25) ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसे अपने घर में गोली लगने के बाद लहुलूहान स्थिति में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंटी ताजपुर कला गांव में तीन मंजिला मकान में अपने परिवार के साथ रहता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया 11 मई की शाम मोहित पत्नी के साथ घर वापस आया। कुछ देर तक उसने सबके साथ बैठकर बातचीत और फिर अपने घर के सेकंड फ्लोर पर चला गया। अचानक सभी को गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब परिवार के लोग उस कमरे में पहुंचे तो बंटी का शव खून से लथपथ पाया गया। उसे तुरंत सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस कमरे में उसने आत्महत्या की, वहां से पुलिस को 9 एमएम की पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। मृतक बंटी गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया के गैंग का शार्प शूटर अमित दबंग का भाई था। उस पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं था। वह आपने भाई से अलग खेती का काम संभालता था। शार्प शूटर अमित दबंग पिछले 6 सालों से जेल में है और उसका एक और छोटा भाई मोनू है, जो पहले जेल में था और कुछ महीने पहले ही बाहर आया है। फिलहाल अलीपुर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# छह आरोपियों की पुलिस हिरासत तीन दिन बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
टिल्लू ताजपुरिया हत्याकांड मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने छह आरोपियों की पुलिस हिरासत तीन दिनों के लिए बढ़ा दी है। छह आरोपियों में योगेश टुंडा, दीपक डबास, राजेश बवाना, रियाज खान, चवन्नी और अता उर रहमान शामिल हैं। अब आरोपियों को सोमवार यानी 15 मई को कोर्ट में पेश किया जाएगा। देश की राजधानी दिल्ली स्थित हाई सिक्योरिटी तिहाड़ जेल में बंद कुख्यात बदमाश टिल्लू ताजपुरिया उर्फ सुनील मान की दो मई की सुबह हत्या कर दी गई थी। जेल में ही बंद बदमाशों ने लोहे की ग्रिल से टिल्लू पर हमला बोला। हमलावरों ने टिल्लू पर ताबड़तोड़ 92 वार कर उसकी जान ले ली थी। पूछताछ में हमलावरों ने खुलासा किया था कि गैंगस्टर सुनील मान उर्फ टिल्लू के तिहाड़ जेल में आने के बाद ही उसकी हत्या की साजिश रच ली थी। स्पेशल सेल के रिमांड पर पूछताछ के दौरान टिल्लू की हत्या करने वाले चारों आरोपियों योगेश टुंडा, दीपक तीतर, रियाज खान व राजेश बवाना ने यह खुलासा किया। हमलावरों ने बताया कि 22 अप्रैल को टिल्लू को रोहिणी जेल से तिहाड़ लाया गया था। इससे पहले ही उन लोगों को पता चल गया था कि उसे तिहाड़ जेल लाया जा रहा है।

# दयानंद अस्पताल में मरीजों से मांगी जा रही है रिश्वत, मरीजों ने किया खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एमसीडी के** शाहदरा स्थित स्वामी दयानंद अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों से स्टाफ और गार्ड रिश्वत मांगते हैं। इसका खुलासा महापौर के अस्पताल में पहुंचने पर हुआ। इस दौरान महापौर को मरीजों व उनके परिजनों ने पूरे प्रकरण से अवगत कराया। इसके अलावा महापौर मरीजों व उनके परिजनों से रिश्वत मांगने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया। महापौर डा. शैली ओबराय ने ो शाहदरा स्थित स्वामी दयानंद अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों व उनके परिजनों ने उनको बताया कि अस्पताल का स्टाफ और गार्ड उनसे रिश्वत मांगते हैं। इससे नाराज होकर महापौर ने निर्देश किए कि यदि कोई अनुचित रूप से पैसे मांगता है तो उसकी शिकायत चिकित्सा अधीक्षक या हमसे करें। इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों एक डॉक्टर पर लोगों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। उनके बारे में एमएस से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर महापौर ने स्त्री रोग, नवजात शिशु सघन चिकित्सा इकाई, डिलीवरी रूम, ओटी, जनरल ओपीडी मे व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, मशीनों, दवाइयों और ऑक्सीजन की आपूर्ति और साफ सफाई के



बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने अस्पताल में सीटी स्कैन और डायलिसिस की व्यवस्था जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

**डब्ल्यूएचओ के साथ मिलकर मरीजों को बेहतर सुविधा देगा एम्स:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और विश्व स्वास्थ्य संगठन दक्षिण-पूर्व एशिया (एसईएआरओ) के साथ मिलकर एम्स मरीजों की सुरक्षा को मजबूत करेगा। साथ ही, उपचार के दौरान होने वाली गलतियों को खत्म कर इनसे होने वाली मौत व गंभीरता को पूरी तरह से रोकेगा। एम्स ने इस दिशा में कदम उठाते हुए छह सदस्य कमेटी बनाई है। दरअसल, उपचार के दौरान होने वाली लापरवाही, गलती व जानकारी के अभाव से मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है। इनमें से कई मरीजों की मौत तक हो जाती है। डब्ल्यूएचओ ने इसे पूरी तरह से खत्म करने की दिशा में प्रयास शुरू किया है। इसी प्रयास के तहत एम्स निदेशक एम श्रीनिवास ने एक आदेश जारी किया है। इसके तहत लापरवाही, गलती या जानकारी के अभाव से होने वाली मौत को रोका जा सकता है। इसके लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की जरूरत है। इसे लेकर डब्ल्यूएचओ एम्स के डॉक्टरों के साथ प्रशिक्षण कर रहा है।

**कार्रवाई की जाएगी**

- **इस दौरान मरीजों व उनके परिजनों ने उनको बताया कि अस्पताल का स्टाफ और गार्ड उनसे रिश्वत मांगते हैं**

**डॉक्टर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन:** केरल के कोट्टाराकार तालुक में हुई महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में दिल्ली के अस्पतालों में डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं एम्स में देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। डॉक्टरों ने कहा कि मरीजों का उपचार कर रहे डॉक्टरों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है, जिसका खामियाजा डॉक्टर को जान देकर चुकानी पड़ रही है। इसके विरोध में दो मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज किया गया।

# पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव ने दिव्यांगों में बांटी ट्राई साइकिल

## देवेन्द्र यादव ने अपने पिता प्रधान महेन्द्र यादव की पावन स्मृति में किया हवन एवं भंडारा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जीटी करनाल रोड़ स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव ने अपने पूज्यनीय पिता प्रधान महेन्द्र यादव की पावन स्मृति में हवन एवं भंडारा का आयोजन किया। कार्यक्रम के पश्चात दिव्यांग जनों को ट्राई-साइकिल और जरूरतमंदों में चश्में का वितरण किया गया। देवेन्द्र यादव ने बताया कि नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में बादली क्षेत्र के अलग-अलग इलाको में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि स्वर्गीय पिता जी द्वारा दिखाए सत्कर्मों के रास्ते पर इसी तरह चलता रहूंगा। इस दौरान दिल्ली कांग्रेस के उपाध्यक्ष अली मेहंदी, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार, जेपी राणा, अजय यादव, अनिल राणा, लीले पहलवान, अशोक यादव, मेहरुद्दीन महकी, संजय डबास, धर्मबीर यादव, सिद्धार्थ यादव, बालेराम और ननवा राम प्रधान मौजूद रहे।

# शालीमार गांव की गली नंबर-9 में शिव चर्चा का आयोजन

## बहुताय की संख्या में महिलाओं ने लिया भाग, गाये भजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** शालीमार गांव के गली नम्बर-9 में शिव चर्चा का आयोजन किया गया।
इस मौके पर युवा समाजसेवी राजकुमार चौधरी, रेखा देवी, अंजू देवी, सुनैना देवी, ललिता देवी, गुड़िया देवी, मधु देवी, पिंकी, शिव चर्चा मंडली, अंजलि, मीरा, रुकमणी चौहान, खुशबू देवी, प्रभावती देवी, सविता देवी, रानी कुमारी, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राजकुमार ने बताया कि सभी को प्रभु की भक्ति सच्चे मन से करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से भक्ति प्रभु की भक्ति करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी प्रभु की भक्ति करें। युवा समाजसेवी राजकुमार ने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन अधिक से अधिक करने चाहिए, जिससे की धार्मिकता का संचार होता है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने विचार रखे।

# 'पाकिस्तान में सिखों व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद हो'

## आईएसआई के जरिए पाकिस्तान फैला रहा है भारत में आतंक: पम्मा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पाकिस्तान** द्वारा आतंकवाद को समर्थन, पाकिस्तान में सिख समुदाय पर किए जा रहे अत्याचार और भारत को ड्रग्स की आपूर्ति के खिलाफ पाकिस्तान उच्चायोग के सामने नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा की अध्यक्षता में सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया व पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए जैसे ही नेशनल अकाली दल के कार्यकर्ता तीन मूर्ति पर परमजीत सिंह पम्मा की अध्यक्षता में एकत्रित हुए और पाकिस्तान उच्चायोग की तरफ बढ़ने लगे पुलिस ने बैरियर लगाकर उन्हें रोकने की रुका कार्यकर्ताओं मगर प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इसको देखते हुए पुलिस ने हल्का बल का प्रयोग कर वही रोक लिया। इस अवसर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए परमजीत सिंह पम्मा ने कहा पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई हमेशा भारत के विरोधी गतिविधियों में लगे आंतकवादी संगठनों को हमेशा सपोर्ट करता है।

# पीडब्ल्यूडी के नाले को रामगढ़ गांव से निकल रहे नाले से सीधा जोड़ा जाये: हरीकिशन जिन्दल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल ने बताया कि जहांगीरपुरी लाल बत्ती चौक से लेकर संजय इन्क्लेव जीटी करनाल मेन रोड़ पर जो नाला लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जा रहा है। उसमें पीडब्ल्यूडी का जो नाला रामगढ़ गांव की सर्विस रोड़ पर बना हुआ है वह चार जगह पर मेन नाले में गिरता है वह नाला सीधा मेन नाले में नहीं गिरता है, उसमे कई मोड (बैंड) बने हुए है जिसकी वजह से नाला चोक रहता है, विषेशकर जो रास्ता मेट्रो पिलर नंबर-138 के सामने बैक ऑफ बडौदा, रामगढ गांव से निकलता है, उससे निकलने वाले नाले में कई बैंड बने हुए है जिसको ठीक करके सीधा मेन नाले में गिरने के लिये जोड़ा जाये और ऐसा ही रामगढ़ गांव से निकलने वाले अन्य नालों को जोड़ा जाये, क्योकि अभी मेन नाला बन रहा है तो यह कार्य साथ-साथ हो सकता है, जिससे आने वाले बरसात के सीजन में नाला चोक होने की समस्या कम होगी और नाले का पानी सड़क पर नहीं भरेगा।
आपसे निवेदन है कि मेन जीटी करनाल रोड़ पर नाले का जो काम चल रहा है उसको जल्द से जल्द पूरा किया जाये और जो क्यारियां मेन रोड पर फुटपाथ के साथ बनी हुई है उनका सौन्दर्यीकरण कर मॉडर्न रोड़ की तरह विकसित किया जाये।

# '728 स्टेशनों पर कार्यरत हैं 785 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' आउटलेट'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश भर के 21 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 785 एक स्टेशन, एक उत्पाद (ओएसओपी) आउटलेट के साथ 728 रेलवे स्टेशनों को कवर किया गया है। यह जानकारी रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां दी। रेल मंत्रालय ने बताया कि सरकार के 'लोकल के लिए वोकल विजन को बढ़ावा देने, स्थानीय अथवा स्वदेशी उत्पादों के लिए एक बाजार प्रदान करने और समाज के वंचित वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) योजना शुरू की है। योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन, एक उत्पाद आउटलेट स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने, बेचने और उच्च दृश्यता देने के लिए आवंटित किए जाते हैं। मंत्रालय के अनुसार योजना 25 मार्च, 2022 को शुरू की गई था और 01मई, 2023 तक देश भर के 21 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 785 ओएसओपी आउटलेट्स के साथ 728 स्टेशनों को कवर किया गया है।
इन ओएसओपी स्टालों को एकरूपता के लिए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के माध्यम से डिजाइन किया गया है। मार्च 2022 से 01मई, 2023 तक संचयी प्रत्यक्ष लाभार्थी 25,109 है।

# रक्तदान करने के लिए दूसरों को भी करें प्रेरित: डॉ. अरविन्द कुमार त्यागी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डॉ.** अरविन्द कुमार त्यागी ने बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान महादान होता है और आपके द्वारा किये गये रक्तदान से दूसरों को जीवनदान मिल सकता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।
उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें। श्री त्यागी ने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें। डॉ. अरविन्द कुमार त्यागी ने आगे बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है।

# सरकार अस्थाई कर्मचारियों को भी पक्का करें: भारद्वाज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि उच्चत्तम न्यायालय का दिल्ली की सरकार के अधिकारों के संबध में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण फैसला आया है, कांग्रेस पार्टी उसका पूरी तरह स्वागत करती है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कम्युनिकेशन विभाग के वाईस चेयरमैन अनुज आत्रेय भी मौजूद थे।
अनिल भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में विधानसभा गठित होने के समय 1991 अनुच्छेद 239अअ इत्यादि पर चुनी हुई सरकार को माननीय उच्चत्तम न्यायालय ने इस फैसले के द्वारा मूल रुप से भारत के संघीय फेडरल ढ़ांचे को मजबूत किया है जिसके द्वारा दिल्ली सरकार को ज्यादा स्वायतता प्रदान करते हुए हमारे संविधान के निमार्ताओं के बुनियादी प्रावधान को ताकत प्रदान की है।
उन्होंने कहा कि चुनी हुई सरकार किसी भी दल की हो, सुप्रीम कोर्ट के फैसले में दिल्ली को एक संघीय फेडरल एन.सी.टी. माना है जबकि ऐसा विशेष स्थान दूसरे यूनियन टेरिटरी को नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्चत्तम न्यायालय का फैसला निश्चित तौर पर दिल्ली की जनता और चुनी हुई सरकार को और अधिक अधिकार पूर्ण बनाने का अच्छा फैसला है। उन्होंने कहा कि 2014 में अरविन्द केजरीवाल ने जनलोकपाल के लिए 49 दिन की सरकार से इस्तीफा दे दिया था अब सुप्रीम के आदेश के बाद पूर्ण अधिकार मिलने पर केजरीवाल जनलोकपाल का तुरंत गठन करें। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पूर्व दिल्ली की जनता के प्रति जवाबदेही पर दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल आरोप प्रत्यारोप की लड़ाई चल रही थी।
उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि यह टकराव था या बनाया गया अथवा ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की गई जिससे दिल्ली की जनता को गुमराह किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार इस पर उत्साह मना रही है।

# 'लोगों को सीवर ओवरफ्लो की समस्या से मिलेगी राहत'

## सौरभ ने दिल्ली में ट्रंक सीवर लाइनों की सफाई कार्य की परियोजना को दी मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार, दिल्लीवालों को सीवर की समस्या से निजात दिलाने और सीवरेज नेटवर्क को बेहतर बनाने की दिशा में व्यापक स्तर पर काम कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निदेर्शों का पालन करते हुए जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में 21.3 किमी लंबी ट्रंक सीवर लाइनों की सफाई की परियोजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना के तहत पश्चिम दिल्ली में मोती नगर से ख्याला तक, राजा गार्डन चौक से केशोपुर एसटीपी, लाजवंती गार्डन से केशोपुर एसटीपी और रघुबीर नगर रोड नंबर-29 से केशोपुर एसटीपी तक ट्रंक सीवर लाइनों की सफाई की जाएगी, जिससे विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के लाखों लोगों को सीवर ओवरफ्लो की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली जल बोर्ड को यह कार्य प्रमुखता के आधार पर समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया है। जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि केजरीवाल सरकार की ओर से दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में ट्रंक सीवर लाइनों की डिसिल्टिंग की जाएगी। वर्तमान में इन ट्रंक सीवर लाइनों में गाद जमा होने के कारण सीवरेज का प्रवाह सही से नहीं हो पा रहा है। खासकर मॉनसून के दौरान एसपीएस से अत्याधिक पंपिग के कारण बैक-ओवरफ्लो की स्थिति पैदा हो जाती है। इस वजह से सड़क पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है और लोगों को ट्रैफिक जाम से भी जुझना पड़ता है। साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी होती है। ऐसे में मोती नगर से ख्याला तक, राजा गार्डन चौक से केशोपुर एसटीपी, लाजवंती गार्डन से केशोपुर एसटीपी और रघुबीर नगर रोड नंबर-29 से केशोपुर एसटीपी तक आदि इलाकों में ट्रंक सीवर लाइनों की डिसिल्टिंग की जाएगी।
जिसके बाद इलाके के लोगों को सीवरजाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।



जहांगीरपुरी में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए रमेश शर्मा व अन्य।

# 15 जून तक चलाया जाएगा एंटी ओपन बर्निंग अभियान: राय

## अभियान के तहत 7 विभागों की 231 पेट्रोलिंग टीम दिन में और 186 पेट्रोलिंग टीम रात में की जायेगी तैनात: राय



**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**दिल्ली के** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि समर एक्शन प्लान के तहत केजरीवाल सरकार 15 मई से एक महीने के लिए दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत 7 विभागों की 231 पेट्रोलिंग टीम दिन में और 186 पेट्रोलिंग टीम रात में तैनात की जाएँगी। साथ ही लैंडफिल साइट्स पर 24 घंटे कड़ी निगरानी के लिए डीपीसीसी और एमसीडी को भी निर्देश जारी किए गए है।
पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने 1 मई को समर एक्शन प्लान की घोषणा की थी जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है।
इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए समर एक्शन प्लान के तहत दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान को 15 मई से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान पूरे एक महीने यानी 15 मई से 15 जून तक दिल्ली में चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत पूरी दिल्ली में निगरानी के लिए 7 विभागों की 665 कर्मियों की 231 पेट्रोलिंग टीम दिन में और 564 कर्मियों की 186 पेट्रोलिंग टीम रात में तैनात की जाएँगी। यह टीमें 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओ की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी। जिसकी रिपोर्ट समय-समय पर पर्यावरण विभाग को दी जाएगी साथ ही दिल्ली फायर सर्विस और वन विभाग को इस सन्दर्भ में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने आगे बताया कि लैंडफिल साइट्स पर आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए एक एसओपी भी तैयार की गई है।
इस एसओपी को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए गए है, ताकि लैंडफिल साइट्स पर आग की घटनाएं रोकी जा सकें। साथ ही लैंडफिल साइट्स पर आग की घटनाओं को रोकने के लिए डीपीसीसी और एमसीडी को साइट्स की लगातार निगरानी के लिए निर्देश दिए गए है।

**निर्देश...**

- **लैंडफिल साइट्स पर आग की घटनाओं को रोकने के लिए डीपीसीसी और एमसीडी को साइट्स की लगातार निगरानी के लिए निर्देश दिए गए है: राय**

## न्यूज फ्लैश

### कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश ललित सिवाच ने नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट

**सोनीपत:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के राई स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 12 मई को ठहराव के मद्देनजर जिलाधीश ललित सिवाच ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 22(1) व 23(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 12 व 13 मई के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है।

जिलाधीश ने अपने आदेशों में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी को ओवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया है और उनके साथ पुलिस विभाग से डीसीपी पूर्व जोन गौरव राजपुरोहित की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा राई स्थित मोतीलाल नेहरू स्पोर्टस स्कूल में बने हैलीपेड पर डीआरओ हरिओम अत्री को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी गोहाना सतीश कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्यमंत्री के वीवीआईपी रूट पर बीडीपीओ राई जितेन्द्र को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी खरखौदा जीत सिंह की ड्यूटी लगाई गई है।

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस राई में तहसीलदार सोनीपत जिवेन्द्र सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी सिटी सोनीपत की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त कानून और व्यवस्था के लिए एसडीएम सोनीपत राकेश संधू को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी राई विनित काद्यान की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस स्टेशन राई क्षेत्र में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से राई पुलिस प्रबंधक देवेन्द्र सिंह की ड्यूटी लगाई गई है।

### लॉक स्तरीय अंतोदय परिवार उत्थान मेले का हुआ समापन

**सनौली: गांव सनौली** खुर्द राजकीय स्कूल में खंड प्रशासन द्वारा दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय अंतोदय परिवार उत्थान मेले का समापन हो गया। इस दौरान मेले का निरिक्षण बीडीपीओं रितू लाठर ने टीम सहित किया। मेले में अलग-अलग विभागो की ओर से लगाई गई स्टालों पर कर्मचारी अधिक तो ग्रामीणों की सखयां बहुत कम पहुंची। जिनमें से प्रशासन द्वारा बुलाए गए अधिकत्तर ग्रामीण मेले में नही पहुंचे । इससे पहले चार बार इसी तरह के मेले लग चुके है। बार-बार मेले में आ रहे लोगो ने अधिकारियों को कहा उन्हें बार-बार मेले में बुलाया जाता है। मगर कोई उनकी स्वरोजगार संबधी समस्या हल नही कर रहेह्व है। उन्हें मेले में बुला कर खाली अश्वासन दिया जा रहे है। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, विरेन्द्र, राहुल, सरपंच संजय त्यागी, सरपंच दलबीर सहित अनेक मौजूद रहे ।

### टाटा एआईए लाइफ फार्च्यून गारंटी पेंशन में प्रभावकारी अपग्रेड

**पानीपत।** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए लाइफ) ने अपने प्रमुख एन्युटी (जीवन भर तक गारंटीड इनकम) प्लान, टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का और भी प्रभावकारी वर्जन प्रस्तुत किया है। इस नए वर्जन में अधिक ज्यादा एन्युटी दर और डेथ बेनिफिट्स जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुधारों को शामिल किया गया है। इस योजना के लाभ लेकर ग्राहक सेवानिवृत्त होने के बाद आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और चिंतामुक्त होकर अपनी जिन्दगी के सुनहरे पलों का आनंद ले सकेंगे। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि और बचत स्तरों में गिरावट ने आज देश के नागरिकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद की आय को एक प्रमुख चिंता का विषय बना दिया है। सेवानिवृत्ति बचत में कमी वर्ष 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना कर पाने के लिए, भारतीय उपभोक्ताओं को सेवानिवृत्ति के बाद अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता के सभी प्रावधान करना जरूरी है। टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन प्लान ग्राहक की जरूरतों और मांगों के अनुरूप विभिन्न प्रकार के गारंटीकृत आय विकल्प प्रदान करता है। यह योजना ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद अपने जीवन को चिंता मुक्त बनाने के लिए पर्याप्त बचत करने में मदद करती है। यह योजना विभिन्न प्रकार के ग्राहकों के लिए उपयोगी है, विवाहित पुरुष और महिलाएं जो अपनी वर्तमान जीवन शैली को भविष्य में भी बनाए रखना चाहते हैं, उनके लिए भी यह उपयुक्त है। यह छोटे और मध्यम उद्यमियों के लिए एक बहुत ही उपयुक्त विकल्प है जो अपने जीवन में एक वित्तीय सुरक्षा कवच बनाना चाहते हैं।

# सड़क निर्माण में हुआ घटिया सामग्री का प्रयोग

## सडक की लम्बाई में हेरा फेरी और विशुद्ध निर्माण से जनता में आक्रोश

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा जनपद में** शहर से लेकर गांव में नयी बनने बाली सड़कों में भारी अनमियता बरती जा रही है ।जो मानक के अनुसार सड़कों का निर्माण नहीं हो रहा है।

विदित है विकासखंड राया के ग्राम गढी रुपा में प्रस्ताव के अनुसार करीब 6.5 लाख की लागत से 500 मीटर सड़क का निर्माण हुआ है लेकिन ग्रामीणों के अनुसार राया बल्देव मार्ग से लिंक सडक गांव तक महज 500 मीटर है। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह सड़क 500 मीटर ही दर्शाई गई है जबकि इस सड़क में 200 मीटर



आरसीसी रोड भी है । इसलिए सड़क की दूरी 3 50 मीटर बनकर तैयार हुई है। जो इसी सड़क को लेकर ग्रामीणों भारी आक्रोश जता रहे हैं ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर ना तारकोल , रोड रोलर गिट्टीओ नहीं पर चलाए गया केवल काले तेल मिलाकर गिट्टी ओ को मिट्टी पर डाल दिया गया सड़क का निर्माण में विशुद्ध और घटिया सामग्री का प्रयोग कर भारी अनियमितता बरती गई है जिससे जनता की गाड़ी कमाई का लाखों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। योगी सरकार हमेशा दावा करती है जनता के हित में सुशासन है लेकिन अधिकारी सरकार की नीतियों पर पलीता लगा रहे हैं इस घटिया सड़क का स्थानीय विधायक पूरन प्रकाश ने सडक का उद्घाटन किया है। ग्रामीण नेत्रपाल सिंह ने बताया कि राया बलदेव मार्ग से हमारे गांव की लिंक सड़क का निर्माण बेहद घटिया किया गया है जिस पर खाली गिट्टीयों को तारकोल की जगह तेल मिलाकर डाल दिया गया जिससे सड़क हाथ से उखड़ रही हैं यह सड़क एक बरसात भी नहीं झेल पाएगी अन्य ग्रामीण हरेंद्र कुमार ने बताया सड़क की दूरी लोक निर्माण विभाग ने 500 मीटर दर्शा कर लंबाई में भारी हीरा फेरी की है इस सड़क में भारी भ्रष्टाचार कर घटिया सामग्री प्रयोग किया है और अन्य ग्रामीणों बताया हमने अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई सड़क में बदलाव नहीं हुआ विभाग के जेई और ठेकेदार ने यह तक कह डाला आप शिकायत कितनी भी कर लो सड़क तो पास होकर रहेगी। सड़क का विरोध जताने के लिए गंभीर सिंह ,नेत्रपाल सिंह, राजवीर सिंह, महावीर सिंह ,छिद्दा सिंह हरेंद्र सिंह, सतीश, ओमी ,पिंकू सुरेश ,भोवरन सिंह ,धर्मवीर सिंह बॉबी ,लाल सिंह और विजेंद्र सिंह ग्रामीण मौजूद रहे।

## सिस्टम, नियंत्रण और स्वचालन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र में प्रो. एम. विद्यासागर द्वारा सिस्टम्स, कंट्रोल एंड ऑटोमेशन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। प्रोफेसर विद्यासागर आईआईटी हैदराबाद के विशिष्ट प्रोफेसर हैं और विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड, सरकार के राष्ट्रीय विज्ञान अध्यक्ष हैं। भारत की। समारोह की अध्यक्षता एनआईटी कुरुक्षेत्र के कार्यवाहक निदेशक प्रो. आर.के. शर्मा ने की। संस्थान के दो विशिष्ट पूर्व छात्र सुश्री कुमुद वाधवा, महाप्रबंधक, एनएसजीएसएम-पीएमयू और श्री आमोद जिंदल, चीफ इंजीनियरिंग, एचपीजीसीएल, हरियाणा सम्मानित अतिथि थे। सम्मेलन के सामान्य अध्यक्ष डॉ. लिली दीवान और डॉ. जे.एस. लाठर ने स्वागत नोट प्रस्तुत किया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रमुख डॉ. अश्विनी शर्मा ने दर्शकों को विभाग की उपलब्धियों के बारे में बताया। सम्मेलन के महासचिव डॉ. ज्योति ओहरी और डॉ. शशि भूषण सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। सम्मेलन के अन्य समिति सदस्य डॉ. मोनिका मित्तल, सुश्री रूपांशी बत्रा, सुश्री सुनीता चौहान, डॉ. एम.पी.आर. प्रसाद और डॉ. जगन नाथ हैं। देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से कुल मिलाकर 180 पेपर प्राप्त हुए। इनमें से 78 पत्रों को सिस्टम कंट्रोल ऑटोमेशन के विभिन्न क्षेत्रों को छूने वाली मौखिक प्रस्तुति के लिए अनुशंसित किया गया था। सम्मेलन के सुचारू संचालन के लिए शिक्षाविदों की अध्यक्षता में 11 सत्रों में पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन की कार्यवाही स्प्रिंगर सीरीज (स्कोपस) के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में व्याख्यान नोट्स में प्रकाशित की जाएगी।

## कोर में बही काव्य रस धार



**केन्द्रीय** रेल विद्युतीकरण संगठन में दिनांक 10.05.2023 को राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाप्रबंधक/कोर, प्रमोद कुमार ने की। मुख्य राजभाषा अधिकारी /कोर, एस.एस. नेगी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि इस कवि सम्मेलन से कोर में हिन्दी प्रयोगप्रसार की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा और हम सभी अपने सरकारी कामकाज में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए संकल्पबद्ध होंगे । महाप्रबंधक महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पुरस्कार वितरण के साथ ही कवि सम्मेलन का जो आयोजन हो रहा है वह स्वस्थ एवं सुरूचिपूर्ण मनोरंजन होने के साथ- साथ अपनी भाषा पर गर्व करने का भी अवसर है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी।

### स्मार्ट पार्किंग ने जीता पहला पुरस्कार, स्मार्ट हेलमेट भी बनाया

**समालखा:** प्रदेश के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग और पाइट के कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की ओर से प्रदेशस्तरीय प्रोजेक्ट एक्सपो का आयोजन किया गया। आर्टिफिशल इंटेलीजेंसी से प्रेरित प्रोजेक्ट से लेकर भविष्य की नई तकनीक से छात्र-छात्राओं ने रूबरू कराया। स्मार्ट पार्किंग पर आधारित प्रोजेक्ट ने पहला पुरस्कार जीता। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचकूला डीएसटी से डॉ.संजीव, गुरुग्राम इनोवेशन लैब गुरुग्राम के संस्थापक राजीव गुलाटी व चंडीगढ़ से विज्ञानी डॉ.राहुल तनेजा, पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल व बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने दीप प्रज्वलित कर किया। राकेश तायल ने बताया कि पाइट के छात्रों ने ऐसी पार्किंग बनाई, जो लोगों के लिए बेहद सहायक हो सकती है।

## खुशी, सानिया व अंशिका बनी ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। शुक्रवार को रिजल्ट देख कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे, सभी ने मिठाई बांट कर जश्न मनाया ।बारहवीं की कला संकाय में छात्रा खुशी ने 96.2 फीसदी अंक हासिल कर अपने विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया, जबकि साक्षी पाठक 90.4 फीसदी अंक लेकर दूसरे व कोमल 82.8 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही । कॉमर्स संकाय में छात्रा सानिया ने



94 फीसदी अंक पाकर स्कूल में पहला स्थान पाया, जबकि छात्र अंश 89 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे ।विज्ञान संकाय में शुभम 91 फीसदी अंक के साथ स्कूल में पहले स्थान पर रहे, जबकि अन्वी व रिद्धि ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान पाया । दोनों को 87.2 फीसदी अंक मिले । दसवीं की परीक्षा में छात्रा अंशिका 96 अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर बनी है, जबकि छात्र आर्यन ने 94 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा व छात्रा तन्नू दहिया ने 87अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# '975 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को सेवा सुरक्षा देने का आश्वासन'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ विश्वविद्यालयों** में असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती करने से 10 से 15 सालों से रिक्त पदों के विरुद्ध अनुबंध पर काम कर रहे हजारों असिस्टेंट प्रोफेसरों पर छंटनी की तलवार लटक गई है जिसको लेकर हजारों असिस्टेंट प्रोफेसर व उनके परिजनों में भारी आक्रोश है और अपने भविष्य को लेकर भारी चिंता है। सभी हरियाणा यूनिवर्सिटियों के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के प्रदेश स्तरीय संगठन हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स संघ,हरियाणा (हुकटा) कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल, मुख्यमंत्री,शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव आदि को समय-समय पर मिलकर व पत्र लिखकर मामले में



आवश्यक हस्तक्षेप कर 10-15 सालों से काम कर रहे अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों को भरा हुआ मानकर बाकी रिक्त पदों पर स्थाई नियुक्ति करने की मांग को लेकर सरकार के मंत्रियों से निवेदन कर लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं।और आज इसी संदर्भ में बीजेपी प्रदेश महामंत्री व विधायक राई मोहनलाल बड़ौली से मुलाकात की उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत कर पालिसी बनाने के लिए कहा और वाईस चैयरमेन ललित बत्रा ने मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा और भूषण भारती से टेलीफोन पर बातचीत की ।शिक्षा मंत्री जी ने कहा कि इन असिस्टेंट प्रोफेसर की फाइल मुख्यमंत्री को भेज रखी और अगले सप्ताह मिलने का समय भी जल्द देंगे।

हुकटा के राज्य प्रधान विजय मलिक व कोष सहसचिव नरेंद्र रंगा ने बताया कि स्थाई भर्ती कर पुराने अनुबंध कर्मचारियों को नौकरी से बाहर करना रोजगार देना नहीं है। इसलिए सरकार को विश्वविद्यालयों में सालों से कार्यरत अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसरों को रेगुलर करते हुए पूर्ण सेवा सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। क्योंकि अनुबंध पर लगे असिस्टेंट प्रोफेसर भी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत ही चयनित हुए थे। और अब नई भर्ती होने से भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां,सोनीपत से 95, चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी से 35 व चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा से 55, और बाकी यूनिवर्सिटीज में भी भर्ती होने से वो भी शिक्षक बाहर हो जाएंगे और इससे भी गहरी पीड़ा की बात यह है कि उन विज्ञापित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया इस तरह की हुई है कि पहले से कार्यरत शिक्षक आवेदन ही न कर पाएं क्योंकि जितनी पोस्टों का विज्ञापन निकला हुआ है, उनमें से ज्यादातर पोस्टों का विज्ञापन इस तरह से है कि जो शिक्षक पहले से अपने विभाग/कॉलेज में जिस आरक्षित केटेगरी पर कार्यरत हैं

## केएसबी लिमिटेड ने मजबूत प्रदर्शन के साथ 2023 की पहली तिमाही पूरी की

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

केएसबी लिमिटेड ने 2023 की पहली तिमाही (द1) के लिए बिक्री मूल्य 4,896 मिलियन रुपए दर्ज किया गया है, जो 2022 की इसी तिमाही के मुकाबले लगभग 17% अधिक रहा और ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन 12% है। 339 द्रङ्क मूल्य के एफजीडी ऑर्डर प्राप्त हुए जिनमें से 276 द्रङ्क मूल्य के ऑर्डर के सी कॉटरेल से मिले।

वर्ष 2023 की पहली तिमाही (द1'23) के प्रदर्शन का सारांश बताते हुए, केएसबी लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट (सेल्स और मार्केटिंग) श्री फारुख भथेना ने कहा, "2023 की पहली तिमाही में हमने पारंपरिक व्यवसाय से 6764 द्रङ्क रुपए के उच्चतम ऑर्डर स्वीकार करके अब तक का शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। उक्त तिमाही के लिए हमारी बिक्री 2022 की इसी अवधि की तुलना में 17% अधिक है। व्यापक आर्थिक वातावरण की जटिलता और सिकुड़ते मार्जिन के बावजूद, हम अपने प्रमुख बाजारों में उपलब्ध विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सन्नद्ध हैं। विकास की रणनीति पर हमारे द्वारा गहरा ध्यान दिए जाने से ही ये प्रभावशाली परिणाम प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, हमारे उत्पाद पोर्टफोलियो में ग्राहकों का जबरदस्त भरोसा और हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताएं भी केएसबी की विकास गति तेज करने में योगदान करती हैं। नए आगामी ऑर्डर के साथ हमारा विशाल ऑर्डर बैकलॉग वित्तीय वर्ष 2023 को एक जोरदार शुरूआत और आत्मविश्वास प्रदान करता है।

## इनसो प्रभारियों ने ली सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**छात्र** संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन इनसो के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत जिला प्रभारी उत्तम घणघस व जसवंत कोयल पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पानीपत में पहुंचे। प्रभारियों ने इनसो कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सक्रिय सदस्यता बढ़ाने की बात कही और कहा कि जन नायक जनता पार्टी व इनसो की नीतियों से युवाओं को अवगत करवाया जाए व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा प्रदेश के लिए किए गए कार्यों को लोगों तक पहुंचाया जाए। इनसो ने हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान ही नहीं बल्कि दूसरे प्रदेशों में भी छाप छोड़ी है। इनसो प्रभारियों ने इस दौरान प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनावों को बहाल करवाने की बात भी कही और कहा कि हरियाणा में भी छात्र संघ चुनाव बहाल करवाएं जाएंगे।

# सरसों की खरीद का कार्य दूसरे दिन भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** नारनौल, नांगल चौधरी और अटेली में सरसों की खरीद का कार्य दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन भी सरसों बेचने आए किसानों की लंबी लाइनें मंडी में देखी गई। वहीं किसानों द्वारा लाई गई सरसों की फसल के वाहनों के चलते नारनौल, अटेली व नागल चौधरी में दिन भर जाम की स्थिति भी रही। जिस से निपटने के लिए वाहनों को डायवर्ट भी किया गया।

सरकार द्वारा 2 दिनों तक सरसों की खरीद का कार्य किया जा



रहा है। सरसों की खरीद के पहले दिन गुरुवार को वाहनों की लंबी लाइनें जिला मुख्यालय नारनौल सहित अटेली वह नांगल चौधरी की मंडियों में देखी गई। वहीं शुक्रवार को भी सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्रॉली तथा अन्य वाहनों के साथ सरसों बेचने के लिए आए। गुरुवार को जहां जिले में 3000 किसानों की लगभग 80000 क्विंटल सरसों खरीद की गई थी। वही शुक्रवार को भी इतनी ही खरीद होने का अनुमान लगाया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह से ही किसानों के वाहनों के जत्थे मंडियों में पहुंचना शुरू हो गए थे। जिसके चलते चारों ओर सरसों की हुए वाहन ही खड़े नजर आए। रूट को किया डायवर्ट, हुई लोगों को परेशानी सरसों की फसल बेचने के लिए जिला में हजारों की संख्या में किसान आए किसानों द्वारा अपनी सरसों की फसल ट्रैक्टर ट्रॉली वाहनों में लाई गई थी। जिसके कारण दिन भर जाम की स्थिति रही। नारनौल से जयपुर जाने वाला रोड पूरी तरह बंद रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**रोगी के इलाज** में नर्स की भूमिक बहुत अहम होती है। रोगी को सही समय पर दवाइया देना, उनके खान पान का ध्यान रखना तथा रोगी को भावनात्मक जुड़ाव महसूस कराना ये सब काम नर्स पूरी तन्मयता से करती है ।ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर नागरिक अस्पताल में नर्सों को समनित करने के बाद अपने संबोधन में कही। डा अर्चना ने नर्सों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तथा सभी नर्सों को बधाई व शुभ कामनाएं दी। विदित रहे डा अर्चना गुप्ता प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों की



सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करती है।

अपने संबोधन में डा अर्चना ने कहा की रोगी के इलाज में नर्स की भूमिका इसी प्रकार महत्व पूर्ण होती है जिस प्रकार भवन की नीव की ईट। डा अर्चना ने आगे कहा की ये नर्स ही होती है जो रोगी को मां व बहन का प्यार देकर भावनात्मक तौर पर मजबूत करती है। डा अर्चना ने नर्सों के कोवीड काल में की गई सेवाओं को याद करते हुए कहा की इस महामारी काल में नर्सों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए रोगियों की पूरी लगन से सेवा की जी अति सराहनीय है। डा अर्चना ने कहा की मैं स्वयं डा हु मै एक नर्स के काम का महत्व बाखूबी समझती हु। डा अर्चना ने सिस्टर फ्लोरेंस नाइटग्ल को श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए।

कार्यकर्म को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयंत आहूजा कहा की आज पानीपत का नागरिक अस्पताल क्षेत्र में प्रसूति के मामले एक गौरव पूर्ण स्थान रखता है इसमें नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका है ।उन्होंने सभी नर्सों को बधाई दी। इस अवसर उनके साथ जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र भाटिया, जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा,मंडल अध्यक्ष हरिश कटारिया, मंडल महामंत्री सतीश मेहता ,अजीत दहिया एडवोकेट, अजय पुनिया, अशोक गुंबर व वरिंदर तनेजा तहसील कैंप मोजूद रहे।

# दर्शनार्थियों के साथ लूट करने वाले गिरोह के सरगना सहित तीन गिरफ्तार

**उनका मुख्य काम शनि देव मंदिर और बरसाना दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों को लूटने का काम करते आ रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन पर जनपद पुलिस के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना कोसीकला पुलिस ने 3 शातिर लूट गिरोह के बदमाश 2 श्रद्धालुओं से लूटपाट करने की घटनाओं को अंजाम देते थे को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। जानकारी के अनुसार प्रभारी



निरीक्षक कोसीकला अनूप कुमार राणा ने मुखबिर की सूचना पर नंदगांव रोड पर पड़ने वाले सुरवारी बम्बे के पास पहुंचकर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी सभी एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग आते दिखाई दिए । जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वह मोटरसाइकिल को मोड़ कर भागने का प्रयास करने लगे इसी हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल से फिसलकर गिर गई । पुलिस पार्टी में हल्का बल प्रयोग कर इन लोगों को हिरासत में ले लिया पकड़े गए लोगों ने बताया उनका मुख्य काम शनि देव मंदिर और बरसाना दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों को लूटने का काम करते आ रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### उपराष्ट्रपति कल राजस्थान का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 14 मई को राजस्थान में पुष्कर, खरनाल और मेड़ता शहर का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, उपराष्ट्रपति पुष्कर के पवित्र ब्रह्मा मंदिर और श्री जट शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। वे बाद में प्रख्यात समाज सुधारक वीर तेजाजी की जन्मस्थली खरनाल (नागौर) भी जाएंगे। उपराष्ट्रपति पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए मेड़ता सिटी (नागौर) भी जाएंगे। प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और नागौर के कृषक समुदाय के प्रतिष्ठित नेता नाथूराम मिर्धा लोकसभा के छह बार सदस्य रहे थे और उन्होंने 1979-80 और 1989-90 तक केंद्रीय मंत्री के रूप में भी कार्य किया था। मिर्धा राष्ट्रीय कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष भी रहे थे। वे चार बार राजस्थान विधानसभा के सदस्य भी रहे और उन्होंने राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य किया था।

### पार्टी में तमंचा लहराना युवक को पड़ा भारी

**हरिद्वार।** पार्टी में सरेआम तमंचा लहराना व उसे सोशल मीडिया पर वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए युवक को हवालात की हवा खिला दी। जानकारी के मुताबिक पथरी थाना क्षेत्र निवासी आनंद पुत्र शीशपाल ने बर्थ डे पार्टी में सरेआम तमंचा लहराकर प्रदर्शन किया। उसके बाद उसको सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से तमंचा बरामद करते हुए उसका चालान कर दिया है।

### पूर्व राज्यसभा सांसद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झांसी।** सीपरी बाजार थाना में समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद व उनके परिजनों सहित आधा दर्जन लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल अभी सीपरी बाजार थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज होने की बात पर अनभिज्ञता जाहिर की है, जबकि पूर्व राज्यसभा सदस्य ने इसे साजिश बताया। गौरतलब है कि मसीहा गंज निवासी सुदेश बैरी पत्नी रविंद्र कुमार ने सीपरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी जमीन अपने नाम कराकर उसे दी गई चेक क्लियर नहीं होने दी और करोड़ों रुपये हड़प लिए। अपने पैसे मांगने पर अवैध रुपयों की मांग की और धमकी देते हैं। पुलिस ने पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव, शिशुपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, तेजपाल सिंह, ज्ञानवती, सत्यभान व आशाराम आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।
डॉ. चन्द्रपाल बोले -बड़ी साजिश: इस संबंध पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि यह सोची समझी साजिश है।

# बरेली अग्निकांड: देखते-देखते 4 जिंदा जल गए...

## ब्लास्ट के साथ आग लगी: देखते-देखते 4 जिंदा जल गए, पलभर में 30 फीट ऊंची टीनशेड ढही

### भीषण आग लग गई

लगा कि सिलेंडर या बॉयलर फट गया। 2 सेकेंड में फैक्ट्री की 30 फीट ऊंची टीनशेड ढह गई। फोम के ढेर लग गए





**टीम एक्शन इंडिया/बरेली**
**करीब** 100 लोग फोम फैक्ट्री में काम करते थे, तभी तेज धमाका हुआ। लगा कि सिलेंडर या बॉयलर फट गया। 2 सेकेंड में फैक्ट्री की 30 फीट ऊंची टीनशेड ढह गई। फोम के ढेर लग गए। अंदर मौजूद कर्मचारी फोम के नीचे दब गए। इसके बाद भीषण आग लग गई। सिर्फ बचाओ-बचाओ की चीख ही सुनाई दे रही थी। सब कुछ देखकर भी कोई कुछ नहीं कर सका। देखते ही देखते 4 कर्मचारी जिंदा जल गए। ये कहना है बरेली अग्निकांड के प्रत्यक्षदर्शियों का। हादसे के बाद दर्दनाक मंजर जानने के लिए बरेली शहर से 20 किमी दूर अशोक पीयू फोम इंडिया लिमिटेड की फैक्ट्री पहुंची। यह फैक्ट्री मुख्य हाईवे से 200 मीटर की दूरी पर है। यहां सिर्फ फैक्ट्री का मलबा ही मलबा नजर आ रहा था। लोगों भीड़ लगी थी। पुलिस और फायर विभाग के कर्मचारी और 1 फायर टैंकर के साथ नजर आए। जैसे ही हम फैक्ट्री के मुख्य गेट की तरफ बढ़े, तो पीछे-पीछे गार्ड भी चलने लगा। खैर फोटो और वीडियो बनाने पर गार्ड को लगा कि मीडिया से हैं। इसके बाद गार्ड ने कई कर्मचारियों से कहा कि हमें नौकरी भी करनी है, कोई कुछ बोलना नहीं।

**'ऐसी खौफनाक आग पहले कभी नहीं देखी':** कर्मचारियों ने बताया कि हम कैमरे के सामने कुछ भी नहीं बता सकते। हमारे लिए फैक्ट्री ही रोजी-रोटी है। जो हुआ वह तो बुरा है, लेकिन हमें आगे नौकरी भी करनी है। हमारे चार साथी जिंदा जल गए। आग की लपटें 10 किमी दूर दिखाई दे रही थीं। ऐसी खौफनाक आग पहले कभी नहीं देखी।

**'6 बजे के पहले धमाका होता तो 50 मौतें हो सकती थीं':** एक कर्मचारी ने बताया कि फैक्ट्री में 250 कर्मचारी काम करते हैं, 100 कर्मचारी मौजूद रहे होंगे। अगर ये धमाका 6 बजे के पहले हुआ होता, तो 50 से ज्यादा लोगों की जान जा सकती थी। जिस स्थान पर प्लास्टिक के दाने से फोम बनाई जाती है। यहां बड़ी बड़ी मशीनें थीं, उनमें सिलेंडर लगे थो। अचानक धमाका हुआ और लगा कि सिलेंडर या बॉयलर फट गया। इसके बाद आग लग गई। आधी से ज्यादा फैक्ट्री की 30 फीट ऊंची टीनशेड मलबे में दिखाई दी।

**तेज धमाके से रास्ते में उड़कर गिरी टीनशेड:** राजेंद्र नाम के कर्मचारी ने बताया कि जिस मशीन से प्लास्टिक दाने से फोम बनाई जा रही थी, उसी का सिलेंडर फट गया। इतना भीषण धमाका था कि कर्मचारियों को भागने तक का समय नहीं मिला।

## नगर निगम की 12 सीटों पर भाजपा का पलड़ा भारी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**यूपी में दूस**रे फेज के मतदान के साथ नगर निकाय चुनाव समाप्त हो गया है। अब इंतजार 13 मई का है। इसी दिन पता चलेगा कि आखिर यूपी के शहरों में किसकी सरकार बनेगी? 2017 में यूपी में 16 नगर निगम सीटें थीं, भाजपा ने 14 जीती थीं। इस बार 17 सीटें हैं। इनमें से 12 सीटों पर मतदान के बाद भाजपा का पलड़ा भारी दिख रहा है। जबकि 4 पर सपा और एक पर बसपा जीत की दावेदार नजर आ रही है। भाजपा को कम वोटिंग और अंदरूनी बगावत से डेंट लग सकता है, तो सपा को बसपा के मुस्लिम कार्ड से चोट पहुंच सकती है। क्योंकि बसपा ने मुस्लिम बहुल सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा को कमजोर किया है। हालांकि बसपा के सामने अपनी दो सीटें बचा पाना भी मुश्किल नजर आ रहा है। राजनीति के जानकारों की माने तो भाजपा नगर निगम में 75 फीसदी सीटों पर अकेले लीड कर रही है, जबकि विपक्ष 25 फीसदी मैदान में खेल रहा।

**पहले फेज में 37 में से 34 जिलों में वोटिंग कम हुई थी:** पहले फेज में 37 जिलों में मतदान हुआ था। इनमें से 34 जिलों में मतदान प्रतिशत पिछले निकाय चुनाव यानी 2017 के मुकाबले कम रहा था। सिर्फ तीन जिलों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ा था, ये जिले गोरखपुर, जौनपुर, मुरादाबाद थे। नगर निगम की बात करें तो पहले फेज में 10 नगर निगम में वोटिंग हुई थी।

## योगी ने 50 मंत्री-विधायकों के साथ 'द केरल स्टोरी' देखी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**सीएम योगी** ने शुक्रवार को फिल्म 'द केरल स्टोरी' देखी। लखनऊ के लोकभवन में ही स्पेशल स्क्रीन लगवाई गई। सीएम के साथ कैबिनेट के 50 से ज्यादा मंत्री-विधायक भी मौजूद रहे। इसके अलावा, 50 से ज्यादा अफसर और 300 छात्राएं-महिलाएं भी रहीं। 3 दिन पहले यानी 9 मई को सीएम ने फिल्म यूपी में टैक्स फ्री करने का ऐलान किया था। इससे पहले भाजपा युवा मोर्चा ने भी लखनऊ और आगरा में स्कूली छात्राओं को फ्री में ये फिल्म दिखाई थी।

**पश्चिम बंगाल का भी सच सामने आएगा:** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, "मैं बहुत खुश हूं कि 'द केरल स्टोरी' को लोकभवन में पूरे कैबिनेट के साथ देखने का अवसर मिल रहा है। हम पश्चिम बंगाल में इस फिल्म से बैन हटाने की मांग करते हैं। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल का भी सच लोगों के सामने आएगा।
इस फिल्म से बच्चे सतर्क होंगे:

### स्पेशल स्क्रीनिंग

50 से ज्यादा अफसर और 300 छात्राएं-महिलाएं भी रहीं। 9 मई को सीएम ने यूपी में टैक्स फ्री करने का ऐलान किया था

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पता नहीं 'द केरल स्टोरी' को क्यों बैन किया जा रहा है? यह फिल्म समाज के जो वास्तविक चित्र हैं, जो घटनाएं घटित हुई हैं उस पर बनी है। इस फिल्म से समाज को दिशा मिलेगी, बच्चें सतर्क होंगे। कलाकारों पर बैन लगाना उचित नहीं है। प्रियंका ठाकुर ने कहा- मूवी से हर हिंदू लड़की को संदेश लेने की जरूरत है। हम सब को एक-दूसरे को जागरूक करने की जरूरत है। कोई फ्रेंड फंसी है तो उसे समझाना चाहिए। मूवी देखने के बाद नेहा रस्तोगी ने कहा कि हम लोग अगर अपने बच्चों को संस्कृति और हिंदू धर्म के बारे में अवेयर कराते हैं तो भटकाव की स्थिति कभी आएगी ही नहीं।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में शुक्रवार को भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, आम और इमली के पौधे रोपे।

## पटना में सुधा डीलर के कर्मी से लूट का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**पटना** के हवाईअड्डा थाना क्षेत्र में सुधा दूध डीलर कंपनी के कर्मी से लूट का प्रयास किया गया। लेकिन मौके पर गश्ती कर रही पुलिस ने अपराधी को खदेड़कर पकड़ लिया। दरअसल, कर्मी कंपनी में 65 हजार रुपए जमा करने जा रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार अपराधियों ने लूट का प्रयास किया। वहीं, डीलर के शोर मचाने पर अपराधी भाग खड़े हुए। लेकिन गश्ती कर रही पुलिस ने भाग रहे अपराधी को खदेड़ कर पकड़ने में कामयाब हो गई। वहीं, गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि वह डीलर के यहां काम करता था। एक महीने पहले उसे दुकान से निकाल दिया था। जिसके बाद डीलर को लूटने के लिए तीन लोगों ने प्लान बनाया और घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस छापेमारी के दौरान लाइनर आयुष को गिरफ्तार किया गया है।

### शिकंजा

इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार अपराधियों ने लूट का प्रयास किया

## बिहार के 13 जिलों में हीट वेव का अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार में** अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी 13 जिलों में हीट वेव को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में शेखपुरा सबसे गर्म जिला रहा, यहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 14 मई के बाद मौसम में बदलाव होगा। प्रदेश के कई जिलों में पिछले 4 दिनों से हीट वेव की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान 13 से 17 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पछुआ गर्म हवा चल रही है। गुरुवार को बांका और पूर्णिया में हीट वेव का असर दिखा। जबकि, प्रदेश के 15 जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में मोचा तूफान का प्रभाव है। वहां से आने वाली नमी बिहार की जगह पश्चिम बंगाल से मुड़ कर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की तरफ जा रही है। इसकी वजह से मौसम पूरी तरह से शुष्क बना हुआ है। 13 मई तक यह स्थिति बनी रहेगी। 14 मई के बाद मौसम में बदलाव देखा जा सकता है। मौसम विभाग ने पटना, जहानाबाद, गया, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, लखीसराय, जमुई, बेगूसराय, मुंगेर, बांका, खगड़िया और भागलपुर आदि जिलों के लिए हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है।




## अगला संभाग अब अलवर बनेगा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/अलवर**
**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में एप्रोप्रिएशन बिल में 19 जिले और 3 नए संभाग की घोषणा की थी। अब अलवर को भी संभाग बनाया जा सकता है, बस इसकी घोषणा बाकी है। ये बात खुद गहलोत ने कही। उन्होंने कहा कि अलवर हमारी टॉप प्रायोरिटी में है। अब जब भी संभाग बनाना होगा तो अलवर का पहला नाम होगा। गहलोत शुक्रवार को अलवर दौरे पर थे। वे सुबह करीब 11 बजे अलवर पहुंचे और यहां नटरी का बारां रोड स्थित मिनी सचिवालय




और मत्स्य यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद सरस डेयरी कैंपस में जनसभा का आयोजन किया गया था। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा-अगला कोई भी संभाग बनेगा वो अलवर होगा। ये मैं कहा सकता हूं कि अलवर हमारी टॉप प्रायोरिटी में रहेगा। यदि में अभी घोषणा करूंगा तो हर जिले में संभाग की मांग आने लग जाएगी। फोटो मिनी सचिवालय के उद्घाटन के दौरान का है।

**इतना दे दिया है, करते-करते भूल जाता हूं:** जनसभा के दौरान सीएम ने प्रदेश में की गई घोषणाओं का भी जिक्र किया। वे बोल रहे थे कि प्रदेश तहसील, उप तहसील, एसडीओ, नगर पालिका की बहुत अधिक घोषणाएं की हैं।

**पढ़ाई का दबाव** | लिखा- पढ़ाई के तनाव में था; कोटा में 5 दिन में 3 स्टूडेंट्स कर चुके हैं खुदकुशी

## नीट की तैयारी कर रहे एक और स्टूडेंट का सुसाइड



**टीम एक्शन इंडिया/कोटा**
**कोटा** में नीट की तैयारी कर रहे एक और स्टूडेंट ने जान दे दी। कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र स्थित लैंडमार्क सिटी इलाके में रह रहे छात्र ने शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे हॉस्टल के रूम में ही फंदा लगा लिया। एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने पढ़ाई के तनाव की बात लिखी है। 5 दिन में यह तीसरा मामला है जब कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे छात्र ने खुदकुशी कर ली। ताजा मामले में मृतक स्टूडेंट नवलेश (17) बिहार के पटना का रहने वाला था। एक साल पहले ही कोटा आया था। 12वीं में पढ़ाई कर रहा था। साथ में नीट की भी तैयारी कर रहा था। कुन्हाड़ी थाना सीआई गंगासहाय ने बताया- पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। पढ़ाई के तनाव की बात सामने आई है। नवलेश का शव एमबीएस (महाराव भीमसिंह) हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। बता दें कि कोटा में एक दिन पहले ही गुरुवार को इसी इलाके में रहने वाले धनेश कुमार (15) ने हॉस्टल में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था। वह 11वीं क्लास में पढ़ता था। साथ में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी कर रहा था। वहीं, बीते सोमवार को बेंगलुरु के रहने वाले नासिर(22) ने एक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के 10वें फ्लोर से कूदकर सुसाइड कर लिया था। वह कुछ समय पहले ही उस बिल्डिंग में रहने आया था। नासिर 4 दोस्तों के साथ रह रहा था। स्टूडेंट के सुसाइड की सूचना पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष कनीज फातमा व समिति सदस्य अरुण भार्गव मोर्चरी पहुंचे।